संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

e-paper
dainandini.in

# दैनिक दैनन्दिनी.

◆ वर्ष-14 ◆अंक-205 ◆ रायपुर, शनिवार 23 दिसंबर 2023 ◆रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित ◆ CHHHIN/2010/34274 ◆ पृष्ठ-08 मूल्य-1.50 रुपए





विष्णु देव साय कैबिनेट ने लिया आकार

## साय मंत्रिमंडल का विस्तार, 9 मंत्रियों ने ली शपथ

**रायपुर » दैनन्दिनी.**

छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार का शपथ ग्रहण समारोह राजभवन में हुआ। इस दौरान सबसे पहले भाजपा बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम ने छत्तीसगढ़ के मंत्री के तौर पर पद और गोपनीयता की शपथ ली। उनके साथ ही सात अन्य विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इससे पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा को 13 दिसंबर को शपथ दिलाई गई थी, जबकि नौ अन्य विधायकों को आज मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। नारायणपुर विधायक केदार कश्यप और अनुसूचित जाति से नवागढ़ के विधायक दयालदास बघेल उन विधायकों में शामिल हैं, जिन्होंने मंत्री पद की शपथ ली। साथ ही कोरबा विधायक लखनलाल देवांगन, मनेंद्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल, रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी, भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े और बलौदाबाजार विधायक टंकराम वर्मा को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है। साय ने अपने मंत्रिमंडल में पांच नए चेहरे और पूर्ववर्ती रमन कैबिनेट के चार पूर्व मंत्रियों पर दांव खेला है। साथ ही सबसे अधिक ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) वर्ग से पांच विधायकों को मंत्री पद देने का निर्णय लिया गया है, जो कि पहली बार मंत्री बने। इनमें कोरबा विधायक लखनलाल देवांगन, मनेंद्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल, रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी, भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े और बलौदाबाजार विधायक टंकराम वर्मा शामिल हैं। पूर्व मंत्रियों में सामान्य वर्ग से रायपुर-दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल, अनुसूचित जनजाति वर्ग से रामानुजगंज विधायक रामविचार नेताम व नारायणपुर विधायक केदार कश्यप और अनुसूचित जाति से नवागढ़ के विधायक दयालदास बघेल को मंत्री बनाया गया है। नए मंत्रियों के नामों की घोषणा करते हुए कल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मीडिया को राजभवन में शपथ समारोह की जानकारी दी थी। गौरतलब है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री समेत 13 मंत्री नियुक्त होते हैं। इनमें अभी तक मुख्यमंत्री विष्णुदेव सहित उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव और विजय शर्मा भी मंत्रिमंडल में शामिल हो चुके हैं और अभी 13वां मंत्री का फिलहाल इंतजार करना पड़ेगा।

**नए मंत्रियों की गाड़ियां भी तैयार**-स्टेट गैरेज के अधिकारियों का कहना है कि उनकी तरफ से 11 गाड़ियां तैयार करवाई गई हैं। इन गाड़ियों को निर्देश मिलने के बाद पुलिस लाइन भेजा जाएगा।

**सरगुजा संभाग से सबसे ज्यादा मंत्री**-विष्णुदेव साय सरकार में सरगुजा संभाग से सबसे अधिक मुख्यमंत्री समेत चार मंत्री हैं। इस संभाग से मुख्यमंत्री साय, रामविचार नेताम, लक्ष्मी राजवाड़े और श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हैं। हालांकि सरगुजा संभाग से इस बार सभी 14 सीटें भाजपा के खाते में गई हैं।

**बिलासपुर संभाग से तीन मंत्री**-इस संभाग से उप मुख्यमंत्री अरुण साव समेत ओपी चौधरी और लखनलाल देवांगन शामिल हैं।

**दुर्ग संभाग और रायपुर से से दो-दो मंत्री**-दुर्ग संभाग से उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और दयालदास बघेल को मौका मिला है। वहीं रायपुर संभाग से बृजमोहन अग्रवाल और टंकराम वर्मा ने मंत्री पद की शपथ ली।

**बस्तर संभाग के खाते में सिर्फ एक**-आदिवासी बाहुल्य बस्तर से इस बार केवल केदार कश्यप को मंत्री बनाने का निर्णय लिया गया । इसके पहले इस संभाग से कम से कम तीन मंत्री हुआ करते थे। भूपेश सरकार में भी यहां से दो मंत्री थे। हालांकि कयास लगाए जा रहे हैं कि 13वां मंत्री बस्तर से ही हो सकता है क्योंकि बस्तर की 12 में से आठ सीटों पर भाजपा और चार सीटों पर कांग्रेस के विधायक हैं।

## बजरंग के पद्मश्री वापसी पर भावुक हो गईं विनेश फोगाट

**नई दिल्ली**

यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी के कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद का चुनाव जीतने के बाद पहलवान बजरंग पूनिया ने नाराज होकर अपना पद्मश्री पुरस्कार वापस कर दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पुरस्कार वापसी का ऐलान कर दिया। पूनिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट भी डाला। इसके बाद बृजभूषण के खिलाफ लंबे समय तक धरना देने वाली खिलाड़ी विनेश फोगाट भावुक हो गईं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर लिखा, किसी खिलाड़ी के मरने पर रोने का इंतजार करना अभी, आपका नया भारत देश मुबारक हो महिलाओं के सम्मान में।बता दें कि कुश्ती महासंघ का अध्यक्ष संजय सिंह को बनाया गया है। चुनाव का निर्णय आते ही पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती छोड़ने तक की बात कही थी। इसके बाद भी विनेश फोगाट भावुक हो गई थीं। उन्होंने कहा था कि अब तो महिला पहलवानों के साथ उत्पीड़न जारी रहेगा। जब उत्पीड़न करने वाले के करीबी को ही अध्यक्ष चुन लिया गया है तो यह कहां रुकने वाला है। उन्होंने कहा था, मुझे बहुत कम उम्मीद है फिर भी उम्मीद है कि न्याय मिलेगा। बहुत दुख की बाद है कि कुश्ती का भविष्य अंधकार में है। हमें नहीं पता कि किसके सामने जाकर अपना दुख कहें। बता दें कि कुश्ती महासंघ के 15 पदों पर चुनाव कराए गए थे। इसमें अध्यक्ष के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और कार्यकारी सदस्यों का चुनाव हुआ था। बृजभूषण के इस्तीफे के बाद जुलाई में यह प्रक्रिया शुरू हुई थी। हालांकि चुनाव 21 दिसंबर को हो पाया। इसका परिणाम बृजभूषण गुट के पक्ष में रहा। अध्यक्ष पद के चुनाव में



अनीता श्योराण की 33 वोटों से हार हो गई। संजय सिंह के पक्ष में 33 वोट पड़े थे जबकि श्योराण को मात्र सात वोट मिले।

संजय सिंह आरएसएस से जुड़े हैं और बृजभूषण के करीबी माने जाते हैं। वह चंदौली के रहने वाले हैं। हालांकि अब वह वाराणसी में रहते हैं। संजय सिंह लंबे समय से कुश्ती महासंघ से जुड़े थे। 2009 में उन्हें उत्तर प्रदेश में प्रदेश कुश्ती संघ का उपाध्यक्ष चुना गया था। बता दें कि पहलवानों ने बृजभूषण के इस्तीफा देने और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद ही जंतर मंतर पर धरना खत्म किया था। पहलवानों ने महीनेभर से ज्यादा वक्त तक जंतर मंतर पर बृजभूषण के खिलाफ धरना दिया था।

## सीएम साय ने कलेक्टरों के साथ की वीसी

**रायपुर» दैनन्दिनी.**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कलेक्टरों से पहली बार रु-ब-रू हुए. उन्होंने सभी कलेक्टरों को प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की सूची जल्द तैयार करने के निर्देश दिए. ताकि जल्द ही इनका निर्माण किया जा सके. उन्होंने प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में सख्त निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का राज दिखना चाहिए. मुख्यमंत्री ने जुआ, सट्टा, अवैध शराब और अपराध पर नियंत्रण के लिए कड़ी कार्रवाई करने को कहा. साय ने राजस्व संबंधी मामलों का निराकरण भी तेजी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फौती, जाति प्रमाण पत्र, सीमांकन और नक्शा दुरूस्तीकरण जैसे कामों को लेकर जनता से किसी भी तरह की शिकायत नहीं आनी चाहिए. बिना किसी लेन-देन के लोगों के काम तेजी से होने चाहिए. उन्होंने शहरी क्षेत्रों में नालियों और गलियों की साफ-सफाई पर विशेष जोर देने को कहा. इस वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा और मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी शामिल हुए.मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नई सरकार के गठन होते ही 18 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास देने और 12 लाख किसानों को दो वर्ष के बकाया बोनस की राशि देने का बड़ा फैसला लिया गया है. उन्होंने आवास के लिए पात्र सभी लोगों की सूची तत्काल तैयार करने के निर्देश कलेक्टरों को दिए. साय ने आगामी 25 दिसम्बर को प्रदेश में मनाए जाने वाले सुशासन दिवस की तैयारी के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए. सीएम ने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और सभी कलेक्टरों के साथ प्रदेश में कोरोना की वर्तमान स्थिति की समीक्षा भी की. उन्होंने देश में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए इससे बचाव और रोकथाम के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए. उन्होंने कोरोना के संभावित लक्षण वाले लोगों के सैम्पल की जांच प्रतिदिन ज्यादा-ज्यादा से संख्या में करने को कहा. उन्होंने कोरोना के इलाज के लिए जरूरी व्यवस्थाओं की जांच के लिए अस्पतालों में मॉक-ड्रिल भी करने को कहा.उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में सभी कलेक्टरों से कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए. प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति अच्छी होनी चाहिए. प्रदेशवासियों को किसी भी तरह की तकलीफ न हो. शासन की हर योजना लोगों तक अच्छे तरीके से पहुंचे. उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपनी योग्यता और क्षमता का उपयोग जनता के हित में करें. विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से रूके हुए कार्यों पर विशेष ध्यान दें. लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर आप लोग नई ऊर्जा और उत्साह से काम करेंगे, ऐसी अपेक्षा मैं करता हूं.

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वीसी में कहा कि सरकार गठन के शुरूआती आठ दिनों में ही राज्य में कई बड़े फैसले लिए गए हैं. शासन और प्रशासन को मिलकर इन फैसलों का लाभ लोगों तक बेहतर



तरीके से पहुंचाना है. उन्होंने कहा कि 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के बाद 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाना है. वीर बाल दिवस के माध्यम से बच्चों में वीरता का भाव जगेगा. उन्होंने कलेक्टरों को इसकी तैयारी के निर्देश दिए. स्वास्थ्य विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्लै, सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विशेष सचिव अय्याज फकीर तम्बोली, स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक जयप्रकाश मौर्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोस्कर विलास संदिपान, सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक चंद्रकांत वर्मा और आईडीएसपी के नोडल अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र गहवई भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में उपस्थित थे.

## यात्री बस ट्रक से टकराई, तीन की मौत

**धमतरी » दैनन्दिनी.**

तेज रफ्तार यात्री बस एक ट्रक से जा टकराई। दुर्घटना में बस में सवार तीन यात्रियों की मौत होने की खबर है। वहीं 12 यात्री घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

मामले की जांच में पुलिस जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 दिसंबर की सुबह धमतरी चारामा हाइवे रोड के बीच बालोद जिला अंतर्गत ग्राम मरकाटोला घाट के पास तेज रफ्तार महिंद्रा ट्रेवल्स की यात्री बस एक



ट्रक से जा टकराई। दुर्घटना में बस में सवार तीन यात्रियों की मौत हो गई है। जबकि बस में सवार 12 यात्रियों को चोंटे आई है।दुर्घटना के बाद मौके पर चीखपुकार मच गई थी। वाहन चालकों व लोगों की मदद से सभी घायलों को चारामा स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुरूर पुलिस मौके पर पहुंचकर अंदर फंसे शवों को बाहर निकालने में जुटी हुई है। इस घटना के बाद सड़क पर वाहनों की भीड़ लग गई है। पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त कराने में जुटी हुई है।

### यात्री बस हादसे में मृतकजनों के प्रति सीएम ने जताया दुःख

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बालोद जिले के मरकाटोला घाट में शुक्रवार को हुए यात्री बस हादसे में मृतकों के प्रति शोक जताया है. उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। सीएम ने जिला प्रशासन को घायल यात्रियों के समुचित इलाज एवं अन्य व्यवस्था के निर्देश दिये हैं। जिला प्रशासन बालोद द्वारा घायलों को उपचार के लिए धमतरी एवं कांकेर के अस्पतालों में उपचार की व्यवस्था की जा रही है।

## आतंकवाद से मुकाबले को गंभीरता से ले अमेरिका : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की अमेरिका की यात्रा एवं विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन एवं अन्य शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात पर चिंता व्यक्त की है और कहा है कि देशों को आतंकवाद के मुकाबले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता डॉ. अरिंदम बागची ने नियमित ब्रीफिंग में पाकिस्तान के सेना प्रमुख की अमेरिका यात्रा के बारे में पूछे जाने पर कहा, हमने इस संबंध में, इन बैठकों के बारे में कुछ रिपोर्टें देखी हैं। आतंकवाद और सीमा पार हमलों को पाकिस्तान के समर्थन के बारे में हमारी चिंता जगजाहिर है। हमें उम्मीद है कि अन्य देश आतंकवाद से मुकाबले की जरूरत है।

## केंद्र सरकार ने की लोकतंत्र की हत्या : कुमारी शैलजा

**रायपुर » दैनन्दिनी.**

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आज कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक हुई. इसमें विधानसभा चुनाव 2023 में मिली हार पर मंथन हुआ. बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा,चीफ दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत समेत पूर्व मंत्री और विधायक शामिल हुए. बैठक में विधानसभा चुनाव में हारे हुए विधायकों से खुलकर बातचीत हुई. साथ हीआगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई. कांग्रेस स्थापना दिवस और क्राउड फंडिंग को लेकर भी चर्चा हुई. बताया जा रहा है कि, 28 दिसंबर को नागपुर में कांग्रेस स्थापना दिवस पर बड़ा कार्यक्रम करेगी. छत्तीसगढ़ से 25 हजार कार्यकर्ता



कार्यक्रम में शामिल होंगे.कार्यकारिणी बैठक के बाद प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि, कांग्रेस ने क्रॉउड फंडिंग का अभियान छेड़ा है. 28 दिसंबर को कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस है. इस दिन नागपुर में एक बड़ी महारैली होगी. रैली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी समेत अन्य नेता शामिल होंगे. उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ से हमारे लोग वहां जाना चाहते हैं. 28 दिसंबर को स्थापना दिवस पर कांग्रेस के हर स्थानों पर कांग्रेस का झंडा फहराएंगे. लोकसभा की तैयारियों को लेकर कुमारी सैलजा ने कहा, पिछला चुनाव हो गया अब आगे बढ़ाना है. जितने विधायक है वह क्षेत्र के दौरे पर है. एक बार फिर काम पर हम लग रहे हैं. लोकसभा की तैयारियां शुरू हो गई है. कुछ लोग पार्टी में है जो सुझाव देते हैं.कांग्रेस के कई सदस्यों को निष्कासित किए जाने पर प्रदेश प्रभारी ने कहा कि, समीक्षा के स्तर पर पार्टी अंदरूनी समीक्षा कर रही है. साय कैबिनेट में नए चहरों को जगह देने के बात पर कुमारी शैलजा ने कहा, हमने भी टिकट वितरण में नए चहरे लेकर आए. महिलाओं को मौका दिया.

## सांसदों के निलंबन के विरोध में राजधानी में कांग्रेसियों ने दिया धरना

**रायपुर » दैनन्दिनी.**

संसद में सांसदों पर निलंबन की कार्रवाई को लेकर मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस देशव्यापी प्रदर्शन कर रही है. वहीं, छत्तीसगढ़ के 33 जिला मुख्यालयों में भी प्रदर्शन हो रहा है. साथ ही राजधानी रायपुर के राजीव गांधी चौक सुभाष स्टेडियम के सामने भी कांग्रेसी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रहे हैं. इस प्रदर्शन में पीसीसी चीफ दीपक बैज, रायपुर शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए हैं. कुछ देर में प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा भी धरना प्रदर्शन में शामिल होंगी. गुरुवार को लोकसभा स्पीकर ने सदन की अवमानना को लेकर कांग्रेस के सांसद नकुलनाथ, डीके सुरेश और दीपक बैज को



शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया. इसी के साथ निलंबित सांसदों की संख्या 146 हो गई है. इनमें कुल 100 सांसद लोकसभा के हैं.सदन की अवमानना को लेकर 14 दिसंबर को 13, 18 दिसंबर को 33, 19 दिसंबर को 49 और 20 दिसंबर को दो विपक्षी सदस्यों को निलंबित किया गया था. वहीं राज्यसभा से 14 दिसंबर को एक और 18 दिसंबर को 45 सांसदों को निलंबित किया गया था.

## संजय सिंह के खिलाफ मामला वास्तविक है, कोर्ट ने कहा- मनी लॉन्ड्रिंग के पर्याप्त सबूत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को शराब नीति मामले में आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत देने से इनकार कर दिया, यह कहते हुए कि उनके खिलाफ मामला वास्तविक है और प्रस्तुत सबूत कथित मनी लॉन्ड्रिंग में उनकी संलिप्तता दिखाते हैं। प्रस्तुत सामग्री से पता चलता है कि संजय सिंह कथित मनी लॉन्ड्रिंग के माध्यम से उत्पन्न प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपराध की आय से जुड़ी प्रक्रिया या गतिविधियों में शामिल थे। इस बीच, संजय सिंह के वकीलों ने अदालत से कहा कि उनके खिलाफ मामला राजनीति से प्रेरित है और उनके खिलाफ पैसे का कोई मामला नहीं है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या आरोपी से सरकारी गवाह बने दिनेश अरोड़ा के बयानों पर भरोसा किया जा सकता है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी और उसके बाद रिमांड को चुनौती देने वाली संजय सिंह की याचिका खारिज कर दी। उन्हें 4 अक्टूबर को दिल्ली में उनके घर की तलाशी के बाद गिरफ्तार किया गया था। मामले के संबंध में ईडी द्वारा दायर एक पूरक आरोपपत्र में संजय सिंह को आरोपी बनाया गया है। आरोप पत्र में मामले में छठी शिकायत दर्ज की गई है। अदालत में, संजय सिंह के वकील, मोहित माथुर ने तर्क दिया कि अपराध की आय से निपटते समय, धन का स्पष्ट निशान होना चाहिए और



धन का हिसाब देना चाहिए। इससे पहले, माथुर ने तर्क दिया था कि दिल्ली शराब नीति मामले में दायर सभी आरोपपत्रों में, 4 मई को ईडी द्वारा दायर किए गए चौथे आरोपपत्र तक संजय सिंह का कोई उल्लेख नहीं था। उन्होंने सवाल किया कि कैसे संजय सिंह की स्थिति अप्रासंगिक प्रतीत होने से कथित घोटाले में मुख्य साजिशकर्ता बन गई, जैसा कि ईडी ने आरोप लगाया था।

एक नजर

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र की एक किशोरी को अगवा कर उससे दुष्कर्म करने वाले आरोपित को पुलिस ने बिहार के समस्तीपुर जिला से गिरफ्तार किया है। पीड़िता को भगाकर आरोपित अपनी नानी के घर ले गया था और वहां पर उससे दुष्कर्म किया आरोपित का लोकेशन मिलने के बाद पुलिस की टीम बिहार गई थी और वहां से पीड़िता को बरामद किया गया था लेकिन आरोपित फरार हो गया था उसके बारे में फिर से जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपित को अब गिरफ्तार किया है वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि 31 मार्च 2022 को वैशाली नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले शिकायतकर्ता ने अपनी बेटी के लापता होने की शिकायत की थी नाबालिग होने के कारण पुलिस ने अपहरण की आशंका की धारा के तहत प्राथमिकी की और मामले की जांच शुरू की पुलिस को पता चला कि मोहम्मद सलीम नाम का आरोपित किशोरी को अगवा कर ले गया है पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपित ने पीड़िता को अपनी नानी के घर ग्राम उजियारपुर जिला समस्तीपुर बिहार में रखा है। इस पर पुलिस की टीम 11 मई 2022 को बिहार गई और पीड़िता को वहां से बरामद किया था लेकिन आरोपित मोहम्मद सलीम फरार हो गया था पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धारा अलग से जोड़ी गई थी करीब डेढ़ साल बाद पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपित फिर से बिहार गया हुआ है। इस पर पुलिस की टीम बिहार गई और आरोपित को गिरफ्तार किया आरोपित के खिलाफ अपहरण दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेजा गया है

### स्वच्छता के प्रति जागरूक करने मिशन क्लीन टॉयलेट कैंपेन

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई की स्वच्छता टीम द्वारा निकाय क्षेत्र के सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की विशेष सफाई की जा रही है, साथ नागरिकों को शौचालय में स्वच्छता बनाए रखने जागरूक भी किया जा रहा है। आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के समस्त नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्व शौचालय सप्ताह मनाया जा रहा है। निगम भिलाई में 25 दिसम्बर तक चलने वाले क्लीन टॉयलेट कैंपेन में समाज के सभी वर्ग को स्वच्छता कैंपेन से जोड़ा जाना है इसी के तहत गुरूवार को स्कूल के विद्यार्थियों को सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था,सफाई, हैण्डवॉश एवं फीडबैक की जानकारी दी गई। सभी सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों पहले से और बेहतर बनाने के लिए कार्य किये जा रहे है। सार्वजनिक शौचालयों में बिजली, पानी व सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने पर कार्ययोजना भी तैयार किया जा रहा है। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम क्षेत्र के नागरिकों को क्लीन टायॅलेट कैंपेन अभियान में जुड़कर क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालय की सफाई एवं रखरखाव में सहयोग हेतु अपील की जा रही है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का वैशालीनगर विधानसभा से आगाज

**भिलाई**

विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन ने केंद्र सरकार की जन उपयोगी योजनाओं को वैशाली नगर क्षेत्र में घर-घर पहुंचाने के लिए विशेष अभियान का आगाज कर दिया है। सेन ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में कल से शुरूआत होने जा रही है जिसमें केंद्र सरकार की सभी जनोपयोगी योजनाओं के शिविर लगाए जायेंगे। इस शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास और श्रम विभाग का स्टाल भी होगा जिसमें विभाग संबंधी सभी जानकारियां देते हुए योजनाओं का लाभ लेने पात्र हितग्राहियों के आवेदन लेकर उनका निराकरण किया जाएगा। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के डिजिटल वाहन का 13 दिवसीय पड़ाव के तहत भिलाई निगम क्षेत्र के 26 स्थलों पर शिविर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें केन्द्र सरकार के जनोन्मुखी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किये जाने



स्थल पर फार्म ही भरवाया जाना है तथा लाभ प्राप्त किये हितग्राहियों को मेरी कहानी मेरी जुबानी लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा। वैशाली नगर विधानसभा में 22 दिसम्बर शुक्रवार को प्रातः 9 बजे वार्ड-1 खम्हरिया से प्रारंभ होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रति दिवस दो पाली में अलग-अलग वार्ड में कार्यक्रम आयोजित कर निगम के सम्पूर्ण 70 वार्ड में यह यात्रा 3 जनवरी 2024 को संपन्न होगी। सेन ने बताया कि शिविर स्थल पर प्रधानमंत्री आवास, स्व-निधि, विश्वकर्मा, उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड, गुमास्ता, विवाह, जन्म प्रमाण पत्र, आधार अपडेशन सहित अन्य विभाग के स्टाल लगाये जायेंगे।

# कांग्रेस के क्राउड फंडिंग में दान के लिए विधायक देवेंद्र ने लोगों से की अपील

**भिलाई**

कांग्रेस पार्टी द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 138 वें वर्षगांठ पर क्राउड फंडिंग की मुहिम की शुरुआत की है। इससे जुड़ते हुए भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने 13800/- की धनराशि डोनेट फॉर नेशन की मुहिम अंतर्गत जमा की है। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि देश की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी जोकि आजादी से लेकर आज तक भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने और देश की संप्रभुता अखंडता को बनाए रखने काम करते आई है। यह पहल 1920-21 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ऐतिहासिक तिलक स्वराज फंड से प्रेरित है और इसका उद्देश्य समान संसाधन वितरण और अवसरों से समृद्ध भारत बनाने में हमारी पार्टी को सशक्त बनाना है। एक अच्छी पहल कांग्रेस द्वारा की गई है जिसमें देश भर से आम जन मानस हिस्सा ले रहे हैं। कांग्रेस मेरी मातृ संगठन है जिसने मुझे पहचान दी है मैनें भी अपना कर्तव्य का निर्वहन करते हुए कुछ धनराशि अपनी तरफ से डोनेट फॉर नेशन मुहिम में जमा की है। इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए भिलाई नगर विधानसभा अंतर्गत सभी आम जन मानस के बीच



कांग्रेसी जन पहुंचकर अपनी स्वेच्छा अनुरूप दान करने प्रोत्साहित करेंगे और क्राउड फंडिंग में अपनी सहभागिता दर्ज करेंगे। कांग्रेस पार्टी के 138 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस पार्टी देशवासियों से 138 रुपये के गुणक (जैसे, 138 रुपये, 1,380 रुपये, 13,800 रुपये, या अधिक) दान करने के लिए अनुरोध करती है, ताकि कांग्रेस पार्टी एक बेहतर भारत के लिए काम कर सके। कांग्रेस ने इस ऑनलाइन क्राउडफंडिंग के लिए दो चैनल बनाए हैं। इनमें एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल और आधिकारिक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वेबसाइट शामिल हैं। कांग्रेस के स्थापना दिवस 28 दिसंबर तक यह ऑनलाइन होगा, जिसके बाद इसे जमीनी अभियान की तरह शुरू किया जाएगा।

# कबीरधाम जिले के सुतियापाठ जलाशय के नहर विस्तारीकरण के लिए शासन स्तर पर काम शुरू

**कवर्धा**

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री बनने के बाद कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले में जनता से किए गए वादा को पूरा करने के लिए राज्य शासन स्तर पर अपना कदम बढ़ा दिया है। डिप्टी सीएम शर्मा ने कबीरधाम जिले बहु प्रतिक्षित मांग सुतियापाठ जलाशय के नहर विस्तारीकरण करने के लिए क्षेत्र के किसानों से वादा किया था। इस वादे को पूरा करने के लिए उन्होंने पदभार ग्रहण करते ही राज्य स्तर पर जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अफसरों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सुतियापाठ जलाशय के नहर विस्तारीकरण के लिए शीघ्रता से सर्वे करने और कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

डिप्टी सीएम शर्मा के निर्देश पर जल संसाधन विभाग के सचिव अन्बलगन पी.ने विभागीय टीम के कबीरधाम जिले के अंतर्गत प्रस्तावित सिंचाई योजनाओं का निरीक्षण किया गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सुतियापाठ जलाशय के नहर विस्तारीकरण के लिए सर्वे का काम शुरू कर दिया है। इस सर्वे



में क्षेत्र के लगभग 24 से अधिक गांवों के हजारों किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। यह जिले की बहुप्रतिक्षित मांग थी। सुतियापाठ नहर विस्तारीकरण के सर्वे काम शुरू होने से क्षेत्र के किसानों में उत्साह भी देखा जा रहा है।

विभागीय अधिकारी ने बताया कि सुतियापाठ जलाशय बायी तट के नहर विस्तारी करने के लिए ग्राम खजरकला, बाम्हनटोला, सिल्हाटी, विचारपुर, दलसाटोला, सिंगारपुर, ढोढमा नवापारा,, सुकतरा, बाजगुड़ा, दैहानडीह, खैरबना, दलसाटोला, नवाघटा, रेंगाटोला, रंजीतपुर, पटपर, डोंगरिया, रणवीरपुर, विरेन्द्रनगर, तिलईभाट, राम्हेपुरा, मानपुर, लखनपुर, जमुनिया को प्रारंभिक सर्वे में शामिल किया गया है। वर्तमान में 24 गांव शामिल है, आसपास के और गांव भी सर्वे में शामिल हो सकता है, इसके लिए सर्वे एवं परीक्षण का काम करना विभागीय निर्देश पर शुरू कर दिए है।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा के निर्देश पर सुतियापाठ जलाशय से रबी फसल के लिए किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए विशेष जोर दिया गया। नहर विस्तारीकरण स्थल का परीक्षण किया गया। इसके साथ ही जिले के प्रस्तावित नए जगमड़वा जलाशय योजना, बड़ौदाखुर्द जलाशय योजना स्थल का दौरा कर स्थल की समस्त जानकारी सचिव द्वारा ली गई। जिसमें मुख्य रूप से भू-अर्जन प्रकरण, वनभूमि का डायवर्सन एवं उसकी प्रक्रियाओं पर हो रहे विलम्ब पर कार्यां को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निराकरण के लिए कार्य ऐजेसियों को निर्धारित मापदण्ड पर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए एवं योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता द्वारा दी गई।

राज्य स्तरीय विभागीय निरीक्षण दल द्वारा करियाआमा जलाशय योजना एवं बहेराखार मध्यम जलाशय परियोजना का निरीक्षण किया गया। जिसमें विशेष रूप से बहेराखार मध्यम परियोजना के अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये हर संभव संभावनाओं के आधार पर कार्य करने के लिए आदेशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी सुतियापाट परियोजना उपसंभाग क्र. 03 सहसपुर लोहारा, अनुविभागीय अधिकारी कर्रानाला बैराज उपसंभाग सहसपुर लोहारा, अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उपसंभाग क्र. 02 कवर्धा एवं सर्व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे। राज्य स्तरीय टीम में जलसंसाधन सचिव के साथ, प्रमुख अभियंता आई.जे. उइके, मुख्य अभियंता मुकेश कुमार संतोषी, अधीक्षण अभियंता, डी.के. भगोरिया कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग एन.के. चौहान शामिल थे।

# न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने किया जिला न्यायालय परिसर का निरीक्षण



**उत्तर बस्तर कांकेर**

उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के प्रमुख न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने आज जिला न्यायालय कांकेर के परिसर का निरीक्षण किया। जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उनके साथ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के रजिस्ट्रार जनरल अरविंद कुमार वर्मा भी मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा ने संघ की ओर से बार एसोसिएशन के नवीन भवन के निर्माण की मांग को शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन भी दिया। मुख्य न्यायाधीश सिन्हा आज अपरान्ह 03 बजे जिला न्यायालय कांकेर पहुंचे, जहां पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगेश पारीक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेन्द्र वासनीकर, एसपी दिव्यांग पटेल, अपर कलेक्टर एस. अहिरवार सहित अन्य न्यायाधीशों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य न्यायाधिपति का स्वागत किया। इसके उपरांत मुख्य न्यायाधीश सिन्हा ने जिला न्यायालय परिसर में स्थित ग्रंथालय कक्ष, जिला एवं सत्र न्यायालय कक्ष, अभिलेखागार कक्ष, सर्वर रूम, मालखाना, लेखा अनुभाग सहित प्रथम तल पर स्थित परिवार न्यायालय, स्टाफ कक्ष, डिफेंस काउंसिल रूम तथा किलकारी (बेबी फीडिंग रूम) का भी निरीक्षण कर जिला एवं सत्र न्यायाधीश से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सिन्हा ने अधिवक्ता कक्ष का निरीक्षण किया, जहां पर जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा ने वहां उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह प्रदेश भर के जिलों में स्थित जिला न्यायालयों में आधारभूत आवश्यकताओं एवं विभिन्न संसाधनों की कमी का आंकलन करने निरीक्षण एवं अवलोकन कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिला न्यायालयों में आधारभूत संरचनाओं के अभाव को शीघ्र ही दूर किया जाएगा, इसके लिए माह जनवरी 2024 में बैठक भी आहूत की जाएगी, जिसमें प्रदेश भर के जिला न्यायालयों में भवनों एवं अन्य प्रकार की समस्याओं को दूर करने संबंधी निर्णय लिया जाएगा। सिन्हा ने यह भी कहा कि स्वच्छ एवं अनुकूल वातावरण में ही बेहतर कार्य-प्रकृति विकसित होती है। अतः संसाधनों की कमियों को दूर करने आवश्यक कदम जल्द से जल्द उठाए जाएंगे। उन्होंने अधिवक्ता संघ के द्वारा की गई बार एसोसिएशन के नवीन भवन की मांग को जल्द ही पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

### शोध पत्रिका 'कला-वैभव' कुलपति डॉ. ममता चंद्राकर के हाथों विमोचित, कला-साधकों के लिए महत्वपूर्ण है यह किताब

**खैरागढ़।** इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा शोध पत्रिका कला-वैभव का कुलपति पद्मश्री डॉ. ममता (मोक्षदा) चंद्राकर के कर कमलों से विमोचन किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. चंद्राकर ने कला-वैभव के संपादक-मंडल और लेखकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। कुलसचिव प्रो. (डॉ.) नीता गहरवार, अधिष्ठाता प्रो.(डॉ.) काशीनाथ तिवारी की विशेष उपस्थिति में संपन्न इस विमोचन कार्यक्रम में पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ.



मंगलानंद झा ने कला-वैभव शोध पत्रिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कुलपति पद्मश्री डॉ. चंद्राकर ने कहा कि किताबें पहले भी प्रकाशित होती रही है और आमतौर पर किताबें हमेशा अच्छी ही होती हैं, लेकिन इस पत्रिका में कलात्मकता की भी झलक इसे विशिष्ट बना रही है, इसके लिए शोध पत्रिका कला वैभव से संबद्ध सभी विद्वानों को बधाइयां और शुभकामनाएं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह शोध पत्रिका जन-जन तक पहुंचेगी तथा अध्ययन-अध्यापन में संलग्न विद्वानों के लिए बौद्धिक मार्ग प्रशस्त करेगी। प्रधान संपादक डॉ. झा ने बताया कि यह पत्रिका नैक की केयर लिस्ट में सूचीबद्ध है। इसके लिए देश के विभिन्न प्रदेशों से प्राप्त शोध लेखों का परीक्षण किया जाता है। परीक्षण के बाद चयनित शोध आलेखों को इस महत्वपूर्ण पत्रिका में स्थान दिया जाता है. डॉ. झा ने कुलपति, कुलसचिव, संपादक मंडल, लेखकों समेत इस पत्रिका के प्रकाशन में सहयोगी सभी के प्रति आभार प्रकट किया है। विमोचन के अवसर पर चैन सिंह नागवंशी, मुकेश भट्ट समेत विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

### अयोध्या से लाए अक्षत कलश की शोभा यात्रा निकाली



**भिलाई ।**आज दोपहर मे जामुल नगर वार्ड 2 वार्ड 3 एवं 4 समस्त राम भक्तों के साथ अयोध्या से लाए अक्षत कलश को लाने रावण भाटा हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद शोभा यात्रा सहित दुर्गा मंदिर एवं शिव मंदिर पुरैना तलाब पूजा-अर्चना कर रखा गया जिसमें पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर प्रशांत गुप्ता ओमप्रकाश साहू गोवर्धन साहू कमोद पांडेय गायत्री निषाद मधु पांडेय हेमलता साहू कलीराम साहू राम अवतार देवांगन एवं समस्या नगर वासी शामिल हुए।


### अवैध शराब बेचते दो युवक गिरफ्तार



**भिलाई ।** अवैध शराब बेचते हुए दो युवकों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 61 पौवा देशी शराब एवं वाहन बरामद किया है भिलाईनगर सीएसपी विश्वदीप त्रिपाठी ने बताया कि बीती रात मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति डेरा बस्ती मंच के पास फरीद नगर के पास शराब बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और संदेही को घेराबंदी का पकड़ा गया संदेही से नाम पता पूछने पर अपना नाम देवेन्द्र नेताम डेरा बस्ती फरीद नगर का रहने वाला बताया उसके कब्जे से 31 पौवा देशी प्लेन मदिरा जब्त किया इसी तरह से मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति गदा चौक के पास अपनी स्कूटी मेंअवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस मौके पर पहुंचकर मनकू उईके डेरा बस्ती फरीद नगर को पकड़ा उसके कब्जे से 30 पौवा देशी प्लेन मदिरा एवं स्कूटी जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### वनभूमि का डायवर्सन एवं उसकी प्रक्रिया को प्राथमिकता में शीघ्र पूरा करने के निर्देश

**कवर्धा ।** जल संसाधन संभाग, कवर्धा अंतर्गत प्रस्तावित सिंचाई योजनाओं का सचिव, जल संसाधन विभाग, पर्यटन एवं संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग अन्बलगन पी., प्रमुख अभियंता आई.जे. उइके, मुख्य अभियंता मुकेश कुमार संतोषी, अधीक्षण अभियंता, डी.के. भगोरिया कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग एन.के. चौहान द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल द्वारा बुधवार सबेरे 09 बजे से सुतियापाट नहर विस्तारीकरण कार्य के लिए सुतियापाट मध्यम जलाशय परियोजना पहुंचकर जल की उपलब्धता एवं उपयोग पर चर्चा किया गया। जिसमें रबी फसल के लिए कृषकों



को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष जोर दिया गया तथा नहर विस्तारीकरण स्थल का परीक्षण किया गया। तद्उपरांत प्रस्तावित जगमड़वा जलाशय योजना, बड़ौदाखुर्द जलाशय योजना स्थल का दौरा कर स्थल की समस्त जानकारी सचिव द्वारा ली गई। जिसमें मुख्य रूप से भू-अर्जन प्रकरण, वनभूमि का डायवर्सन एवं उसकी प्रक्रियाओं पर हो रहे विलम्ब पर कार्यां को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निराकरण के लिए कार्य ऐजेसियों को निर्धारित मापदण्ड पर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए एवं योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता द्वारा दी गई। निरीक्षण दल द्वारा करियाआमा जलाशय योजना एवं बहेराखार मध्यम जलाशय परियोजना का निरीक्षण किया गया। जिसमें विशेष रूप से बहेराखार मध्यम परियोजना के अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये हर संभव संभावनाओं के आधार पर कार्य करने के लिए आदेशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी सुतियापाट परियोजना उपसंभाग क्र. 03 सहसपुर लोहारा, अनुविभागीय अधिकारी कर्रानाला बैराज उपसंभाग सहसपुर लोहारा, अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उपसंभाग क्र. 02 कवर्धा एवं सर्व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बलात्कार के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से किया दंडित

**गरियाबंद**

न्यायालय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक विशेष न्यायालय (पाक्सो एवं बलात्कार मामले) गरियाबंद पीठासीन न्यायाधीश यशवंत वासनीकर द्वारा 22 दिसंबर शुक्रवार को बलात्कार के आरोपी जीवराखन उर्फ छोटू पिता स्व. परदेशी राम कश्यप, उम्र 22 वर्ष साकिन बजरंग मंदिर के पास गौमाता चौक, तलाब पारा ग्राम-सढौली, थाना- गरियाबंद जिला गरियाबंद (छ0ग0) को धारा 6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5,000 रुपये का अर्थदण्ड तथा धारा 363 भा0द0 संहिता में 2 वर्ष का

सश्रम कारावास 1,000/- अर्थदण्ड एवं धारा 366 भा0दं0संहिता में 5 वर्ष का सश्रम कारावास से दण्डित किया गया है।

न्यायालय से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़िता के पिता के द्वारा दिनांक 22.03.2020 को थाना गरियाबंद में उपस्थित होकर सूचना दिया था कि उसकी पुत्री 14 वर्ष सात माह 20 दिन को आरोपी जीवराखन उर्फ छोटू कश्यप के द्वारा दिनांक 20.03.2020 को रात्रि करीबन 8 बजे उनके पुत्री / पीड़िता को एक काम है कहकर बहला फुसलाकर खेत में ले जाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया था तथा पूर्व में भी होली त्योहार के समय उनकी पुत्री / पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाया है। पुलिस द्वारा पीड़िता से पूछताछ करने पर पीडिता ने आरोपी द्वारा उनके साथ कई बार शारीरिक संबंध स्थापित करना बतायी थी। पुलिस द्वारा प्रकरण की सम्पूर्ण विवेचना पश्चात आरोपी के विरूद्ध न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया गया था। माननीय न्यायालय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायालय गरियाबंद यशवंत वासनीकर के द्वारा आरोपी के विरूद्ध धारा 363, 366, 376 (2) (झ) (ढ) भा0दं0 संहिता एवं धारा 6 पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी के विरूद्ध आरोप विरचित कर ट्रायल प्रारंभ हुई।

# अंधे कत्ल की गुत्थी के आरोपियों को धर दबोचा

## एक्शन मोड में दिखे एसडीओपी और थाना प्रभारी

**किरन्दुल**

किरन्दुल थाना में प्रार्थी साहदेव राना थाना उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया और करीबन 08.00 बजे प्रार्थी अपने अन्य मजदूर साथियों के साथ प्रतिदिन की तरह निर्माणाधीन आक्सीजन पार्क घड़ी चौक किरन्दुल मजदूरी करने आये जहां बने स्टोर में प्रार्थी व रेजा जयंती नाग अपना दोपहर का खाना रखने स्टोर में गये जहां मिस्त्री समत राम नाग अपने बिस्तर में चित हालत में पड़ा हुआ था उसके बायें गाल व कान के पास काफी गहरा चोट लगा हुआ था जिससे उसकी मृत्यु हो चुकी थी, समत राम नाग को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके गाल व कान में गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दिये थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना किरन्दुल में मर्ग क्रमांक 34/2023 चारा 174 जा0फौ0 एवं अपराध क्रमांक 132/2023 धारा 302 भारतीय दंड विधान पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। अपराध कायमी पश्चात् पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर. के. बर्मन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस किरन्दुल कपिल चन्द्रा मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश में थाना प्रभारी किरन्दुल प्रहलाद कुमार साहु के नेतृत्व में साहू, दीनानाथ चैष्णव, हेमन्त साहू सउनि. के. सीमाचलम, सोमारू कडती प्रधान आरक्षक नरेश मंडल, आरक्षक जोगा राम, अर्जुन ओफमी,



ओमप्रकाश बेटटी की टीम गठित कर प्रकरण के अज्ञात आरोपी को धरपकड करने निर्देशित किया गया। उक्त टीम द्वारा टेक्निकल विश्लेषण और फुटेज के आधार पर हड़मा वट्टी निवासी फुलपाड थाना कुआकोंडा तथा साथी सोहन मानिकपुरी रामपुर कैम्प किरन्दुल को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर सोहन मानिकपुरी जो निर्माणाधीन आक्सीजन पार्क बड़ी चौक किरन्दुल में मिस्त्री व रात में चौकीदारी का काम करता था जिसके द्वारा साईट से सामानों को गायब करने के आरोप पर काम से हटा कर मृतक समत राम को मिस्त्री व चौकीदारी के काम पर रखा गया था। आरोपी मोहन मानिकपुरी ने मुझे काम से निकाल कर समत को रख दिये है करके समत राम से आपसी वैमनस्य पाल लिया और उसकी हत्या करने की सोच कर दिनांक 14/12/2023 को सोहन मानिकपुरी अपने दोस्त हड्मा वट्टी के साथ मिलकर प्लान बनाये और रात्रि करीबन 11.00 बजे जब समत राम निर्माणाधीन आक्सीजन पार्क साईट घड़ी चीक किरन्दुल में बने स्टोर रूम में सो रहा था उसी समय आरोपी 01. हड़मा बट्टी पिता भोंदू वट्टी उम्र 26 वर्ष निवासी फूलपाड़ पटेलपारा, थाना कुआकोंडा, व 02. सोहन मानिकपुरी पिता अजर दास मानिकपुरी उम्र 42 वर्ष निवासी रामपुर कैंप, वार्ड क्रमांक 02 किरन्दुल, थाना किरन्दुल जिला-दन्तेवाड़ा (70ग10) ने मिलकर सरिया मोडने वाला डाई रॉड से समत राम को मारकर उसके बायें गाल व कान में चोट पहुंचाकर हत्या कर दिये। उक्त दोनों आरोपियों सौहन मानिकपुरी व हडमा वटटी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## एक नजर

### जिला पंचायत सीईओ बिश्वरंजन ने किया स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा

**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन द्वारा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत केन्द्रीय स्वास्थ्य सुविधाओं की अद्यतन प्रगति का जायजा लेकर संबंधितों को निर्देश दिया कि कोई भी हितग्राही योजनाओं से वंचित ना हो। और ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। इस समीक्षा बैठक में आयुष्मान भारत कार्ड की प्रक्रिया को सुधारने और अधिक लोगों को इसका लाभ प्राप्त करने में सहायक होने के लिए नए निर्देश के तहत आरसीएच पोर्टल के अंतर्गत योग दम्पति का पंजीयन, गर्भवती पंजीयन, एएनसी पंजीयन, शिशु पंजीयन, और टीकाकरण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा किया गया। यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि सभी आवश्यक दस्तावेज सही से भरे जा रहे हैं और नागरिकों को उनके अधिकार और योजनाओं के बारे में सही जानकारी मिल रही है। साथ ही, सिकल सेल अनीमिया, टीबी, और अन्य स्वास्थ्य संबंधित बीमारियों पर भी विमर्श करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं और सुरक्षा में सुधार के लिए नए कदमों का प्रस्तुतीकरण करते हुए स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती से नेतृत्व करने के लिए और सामुदायिक सशक्तिकरण के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए गए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री हिमांचल साहू व पीपीआईए फेलो सुश्री दिव्या, डॉ संजय बशाक, डॉ मण्डल, डॉ देश दीपक, डॉ राजेश व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे ।

### एसडीएम ने किया हाईस्कूल इरफका निरीक्षण, दो शिक्षक मिले अनुपस्थित

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री सौरभ कुमार के निर्देश पर एसडीएम पाली श्रीमती रूचि शार्दुल ने शासकीय हाईस्कूल इरफ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य एन.एन.इशाक और व्याख्याता नारायण प्रसाद देवांगन बिना अनुमति के अनुपस्थित मिले। दोनों को नोटिस जारी किया गया है। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की कक्षा लेकर शिक्षकों द्वारा कराए जाने वाले अध्ययन के विषय में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। जनपद सीईओ श्री खगेश निर्मलकर पोड़ी-उपरोड़ा द्वारा प्राथमिक शाला बांधापारा, लेपरा और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। जनपद सीईओ श्री यशपाल सिंह कटघोरा द्वारा प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला विजयपुर और आंगनबाड़ी केंद्र जेंजरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक उपस्थित मिले। उन्होंने स्कूलों में दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच की। आंगनबाड़ी केंद्र में पूरक पोषण आहार सहित बच्चों की उपस्थिति की जांच की गई। इसी तरह जनपद पंचायत पाली के सीईओ श्री भूपेंद्र कुमार सोनवानी द्वारा प्राथमिक शाला सैला का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में प्रधानपाठक श्री मनमोहन डिक्सेना अनुपस्थित पाए गए।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन आज

**कोरबा ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा द्वारा 22 दिसंबर 2023 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में बॉम्बे इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड शंकर नगर रायपुर में सिक्योरिटी गार्ड के 150 पद, वेदांता स्कील स्कूल बालको कोरबा में फूड एंड बेवरेज के 60 पद, सिविंग मशीन ऑपरेटर के 60 पद, वेल्डर के 30 पद फीटर के 30 पद तथा सोलर पी.वी. इंस्टालर के 30 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। उक्त पदों हेतु 18 से 30 वर्ष की आयु सीमा के साथ 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई डिप्लोमा की शैक्षणिक योग्यता वांछनीय है। इच्छुक आवेदक 22 दिसंबर को प्रातः 11 बजे कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### प्रधानपाठक संदीप अग्रवाल निलंबित

**कोरबा ।** प्राथमिक आश्रम शाला घरीपखना विकासखण्ड पोड़ी-उपरोड़ा मे पदस्थ श्री संदीप कुमार अग्रवाल प्रधानपाठक के विरूद्ध आश्रम की छात्राओं के साथ मारपीट करने, शारीरिक एवं मानसिक शोषण संबंधी शिकायत पर की गई जांच और जांच प्रतिवेदन सही पाए जाने पर उक्त प्रधानपाठक को निलंबित कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरबा के द्वारा दिए गए जांच प्रतिवेदन के आधार पर प्राथमिक आश्रम शाला घरीपखना पोड़ी-उपरोड़ा में पदस्थ प्रधानपाठक श्री संदीप कुमार अग्रवाल के विरूद्ध छात्राओं के साथ मारपीट करने के साथ ही शारीरिक एवं मानसिक शोषण संबंधी शिकायत सही पाई गई। प्रधानपाठक के उक्त कृत्य को कर्तव्य के प्रति लापरवाही, उदासीनता एवं अनुशासनहीनता तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (2) (क) के तहत निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोरगा विकासखण्ड पोड़ी-उपरोड़ा नियत किया गया है।

### छत्तीसगढ़ में मिला कोरोना का पहला मरीज

**बिलासपुर।** देश में कोरोना के मरीज एक बार फिर बढ़ने लगे हैं. छत्तीसगढ़ के तालापारा क्षेत्र में भी कोरोना का मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है. नए वैरिएंट की जांच में सैंपल को एम्स भेजा जाएगा. वहीं कोरोना के मरीज को घर में होम आइसोलेट किया जाएगा.

बिलासपुर जिले में महीनों बाद फिर कोरोना संक्रमित मिला है. एनटीजन टेस्ट में रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद आरटीपीसीआर जांच की गई. इसमें भी संक्रमित पाया गया है. नए वेरिएंट के संक्रमण के बीच शहर में यह पहला मामला है. नए वेरिएंट की जांच के लिए सैंपल को एम्स भेजा जाएगा. बताया जा रहा कि संक्रमित मरीज विदेश यात्रा से वापस लौटा था. जिले में आज 136 लोगों की जांच की गई थी. इसमें विदेश से लौटा युवक संक्रमित निकला.



# विकसित भारत संकल्प यात्रा : खेती के नवाचारों से किसान हो रहे अवगत

**बिलासपुर**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हितग्राहियों को न केवल योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित किया जा रहा है अपितु किसानों को खेती-किसानी के नवाचारों से भी अवगत कराया जा रहा है। इन नवाचारों का खेती-किसानी में उपयोग कर किसानों के समय और धन की बचत होगी। कोटा ब्लॉक के ग्राम कुंवारीमुड़ा एवं पंडरापथरा में ड्रोन से फसलों में नैनों यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। किसानों ने इसे अदभुत और बहुत ही उपयोगी बताया।

उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविर में ड्रोन के जरिए नैनों यूरिया का फसलों में परणीय छिड़काव का प्रदर्शन कर किसानों को इसके उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कोटा ब्लॉक के गांव कुंवारीमुड़ा में किसान श्री डेरहया राम साहू, पंडरापथरा में किसान श्री गौरीशंकर वर्मा एवं बिल्हा ब्लॉक के ग्राम पंचायत पोड़ी में और सिलपहरी में ड्रोन के जरिए किसानों के फसलों में नैनों यूरिया का छिड़काव किया गया। ड्रोन के जरिए नैनों यूरिया का एक एकड़ में छिड़काव 05 से 07 मिनट में हो जाता है और 500 एमएल नैनो यूरिया लगता है। वहीं सामान्य रूप से यूरिया का छिड़काव करने में 40 से 45 किलो की एक बोरी लगती है और पूरे दिन का समय लगता है। इससे किसानों के समय, धन और श्रम की बचत होगी। नैनों यूरिया के प्रयोग से यूरिया का अधिकतम उपयोग फसलों द्वारा होता है। ग्रेन्यूलर यूरिया को कम से कम उपयोग करने और इस नवाचार के प्रयोग के लिए जिले के किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों ने भी इस पद्धति को उपयोगी और खेती किसानी के लिए वरदान बताया।

# बृजमोहन अग्रवाल कैबिनेट मंत्री बने, समर्थकों में हर्ष का माहौल

**नवापारा राजिम**

छत्तीसगढ़ के कद्दावर एवम वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल को लगातार चौथी बार कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की घोषणा के बाद से उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर है। शुक्रवार को बृजमोहन अग्रवाल ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके पहले ही उनके निवास में बधाई देने वाले उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं का हुजूम लग गया है। हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उन्हें बधाई देने रात में ही उनके निवास पहुंच रहे हैं। इस दौरान उनके खास समर्थक गोबरा नवापारा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल ने भी उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की घोषणा पर उन्हें बधाई प्रेषित की है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री गोयल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने से उनके लंबे राजनीतिक अनुभव और कुशल नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक दक्षता का लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा। अविभाजित मध्य प्रदेश और फिर छत्तीसगढ़ में लगातार तीन बार कैबिनेट मंत्री रहे श्री अग्रवाल का छत्तीसगढ़ की जनता सहित नवापारा राजिम से गहरा और आत्मीय संबंध है। वे प्रदेश की जनता के दुख दर्द और समस्याओं को भली-भांति जानते और समझते हैं। 24 घंटे जनता की सेवा में तत्पर रहते हैं। अब तक उन्हें जितनी भी जिम्मेदारी दी गई उनका उन्होंने कुशलता से निर्वहन किया। साथ ही जिस भी विभाग की जिम्मेदारी संभाली उनमें विकास के नए आयाम स्थापित किए। जिम्मेदारी के साथ जनता के समस्याओं को दूर किया उन्हें विकास से जोड़ा है। उन्हें पूरा विश्वास है की इस बार भी बृजमोहन अग्रवाल के लंबे अनुभव का लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा और जनता के हित में पूरी निष्ठा व सेवा भाव से उल्लेखनीय काम करेंगे। कैबिनेट मंत्री बनने पर नवापारा भाजपा मंडल के समस्त कार्यकर्ताओ सहित पदाधिकारियो ने बृजमोहन अग्रवाल को बधाई दी है। श्री गोयल ने बताया कि उन्होंने राजिम कुंभ को समूचे विश्व में अपनी एक अलग ही पहचान दिलाई है। राजिम कुंभ को विश्व पटल पर प्रतिस्थापित किया है। पिछले दिनों नगर में परिवर्तन यात्रा के दौरान बृजमोहन अग्रवाल ने भाजपा की सरकार बनने पर नगर की जनता को राजिम कुंभ को पुनः उसी गरिमा के अनुरूप किए जाने की बात कही थी। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बृजमोहन अग्रवाल राजिम कुंभ के शिल्पी भी हैं। इन्हें साधु संतों का भी आशीर्वाद मिलता रहा है। पिछली कांग्रेस की सरकार ने राजिम कुंभ के वैभव को घटाकर राजिम मांघी पुन्नी मेला कर दिया था। जिसे अब फिर से राजिम कुंभ के रूप में जोर जोर से मनाया जाएगा।



## डॉ. रेशमा अंसारी को काव्य भूषण श्री सम्मान

**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग की प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमा अंसारी को उत्तरप्रदेश की के.बी. हिन्दी सेवा न्यास व डॉ. मिथिलेश दीक्षित साहित्य-संस्कृति सेवा न्यास बिसौली द्वारा 19 नवंबर 2023 को आयोजित 9वें अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह में कैलासो देवी काव्य भूषण श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें हिन्दी भाषा के समग्र प्रादेय, विकास, उन्नयन एवं संपादन तथा काव्य लेखन के लिए प्रदान किया गया है।इसके पूर्व डॉ. रेशमा अंसारी को इस वर्ष विश्व हिन्दी प्रचार-प्रसार समिति, दिल्ली द्वारा शिक्षक अचीवर्स अवार्ड-2023 तथा के.बी. हिन्दी




सेवा न्यास द्वारा जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान से भी सम्मानित किया गया है। विश्व हिन्दी प्रचार समिति, दिल्ली द्वारा वर्ष 2022 में भी उन्हें शिक्षक अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया था। उल्लेखनीय है कि मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग की विभागाध्याक्ष डॉ. रेशमा अंसारी हिन्दी भाषा और साहित्य के उन्नयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विविध शोध-सम्मेलनों के आयोजन, भागीदारी और शोध पत्रों तथा पुस्तकों के प्रकाशन सहित विविध रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन में उन्होंने विशेष योगदान दिया है। उन्हें उपर्युक्त सम्मान हिन्दी भाषा के विकास, उन्नयन, सम्पादन, साहित्य, कला, संस्कृति, शिक्षा, संगीत एवं समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका हेतु दिया गया है। डॉ. अंसारी की इस उपलब्धि पर मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया, महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया, कुलपति प्रो.के.पी. यादव, उपकुलपति डॉ. दीपिका ढांड, कुलसचिव श्री गोकुलनंदा पंडा, डीन एकेडमिक डॉ. विजय भूषण सहित मैट्स परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

# अयोध्या श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह महोत्सव को धूमधाम से मनाने हुई बैठक

**नवापारा राजिम**

अयोध्या श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह महोत्सव 22 जनवरी 2024 हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गोपाल यादव सह प्रांत कार्यवाह छत्तीसगढ़ प्रांत एवं नागेंद्र वशिष्ठ क्षेत्र सह बौद्धिक प्रमुख मध्य क्षेत्र ने नवापारा एवं आसपास के गांव के प्रमुख कार्यकर्ताओं एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित इसके विभिन्न संगठन के प्रमुखों की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा में किया जिसमें सर्वसम्मति से संयोजक परदेसी राम साहू एवं सह संयोजक भूपेंद्र सोनी ,सोहेद्र साहू आकाश जैन को बनाया गया अपने उद्बोधन में नागेंद्र वशिष्ठ क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख ने भगवान राम के मंदिर अयोध्या का इतिहास विस्तार से बताते हुवे आगे कहा हम सबके लिए गौरव की बात है कि 22



जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ भारत के चरम उत्कर्ष का सूर्य उदय होगा. गोपाल यादव सह प्रांत कार्यवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 दिसंबर को अयोध्या से प्राप्त अक्षत कलश को श्री राम जानकी मंदिर नवापारा में दोपहर 02 बजे स्थापित करेंगे एवं 28 दिसंबर दोपहर 12 बजे नवापारा नगर एवं आसपास के गांव के राम भक्तो को इसका वितरण करेंगे. एक से पंद्रह जनवरी 2024 को अयोध्या से प्राप्त अक्षत आमंत्रण पत्र व भगवान रामलला की प्रतिमा लेकर राम भक्त घर-घर जाएंगे इस अभियान में गोबरा नवापारा के सभी 21 वार्ड व पास के कुछ गांव जिनमे तर्री तुलना पटेवा चिपरीडीह डोंगरीतराई कुर्रा छाटा सोंठ सुंदरनगर पारागांव कोलीयारी लखना शामिल है.15 दिवस गृह संपर्क अभियान हेतु प्रत्येक वार्ड एवं प्रत्येक गांव में राम भक्तो की एक छोटी समिति बनाई जाएगीजिसके माध्यम से गांव में प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा. 22 जनवरी को नगर के तीन मंदिर व गांव के मंदिर में अयोध्या भगवान राम के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होगा साथ ही इन मंदिरों में शंख ध्वनि घंटा नाद भजन कीर्तन व आरती हनुमान चालीसा सुंदरकांड राम रक्षा स्त्रोत का सामूहिक पाठ एवम प्रसाद वितरण होगा. इस बैठक में नगर एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए.

# प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत पक्का आवास बनने से निरंजन को मिली परेशानियों से निजात

### अनेक समस्याओं का हुआ स्थायी समाधान, अपने परिवार के साथ व्यतीत कर रहा है खुशहाल जीवन

**बालोद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप देश के प्रत्येक व्यक्ति को खासकर के ऐसे परिवारों को जिनके पास निवास करने हेतु खुद का पक्का मकान नही है। उन्हें परिवार सहित निवास हेतु अनुकूल आवास प्रदान कराने हेतु प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री आवास योजना अनेक दृष्टि से हितग्राहियों के लिए अत्यंत लाभप्रद सिद्ध हो रही है। खासकर के समाज के निचले तबके के रोजाना मेहनत मजदूरी कर जीवनयापन करने वाले लोगों के लिए कभी पक्का आवास की कल्पना करना एक सपने जैसा था। लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सार्थक प्रयासों के फ्लस्वरूप समाज के सभी लोगों को पक्का आवास प्रदान करने हेतु शुरू की गई यह अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना सार्थक साबित हो रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना एवं बालोद जिले में इस योजना के सफ्ल क्रियान्वयन के फ्लस्वरूप बालोद विकासखण्ड के ग्राम पड़कीभाट निवासी खेतिहर मजदूर निरंजन को पक्का आवास मिलने से उन्हें अनेक परेशानियों से मुक्ति मिली है। गरीबी के चलते अपने एवं अपने परिवार के सुरक्षित निवास हेतु पक्का आवास के लिए सोच भी रखना कभी निरंजन के लिए कोरी कल्पना थी। लेकिन बालोद जिले में इस योजना के सफ्ल क्रियान्वयन के फ्लस्वरूप आज निरंजन एवं उनके परिवार के लिए निवास करने के अनुकूल पक्का आवास का निर्माण हो चुका है। जिसमें निरंजन अपने परिवार के साथ निवास कर खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहा है।प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के फ्लस्वरूप स्वयं का पक्का मकान बनने से बहुत ही प्रसन्नचित्त नजर आ रहे निरंजन ने बताया कि इस योजना के फ्लस्वरूप उनका पक्का मकान बनने से अनेक समस्याओं का निराकरण हुआ है। उन्होने बताया कि मकान बनने के पूर्व वे अपने परिवार के साथ कच्चा मकान में निवास करते थे। जिसमें बारिश के दिनों में पानी टपकने के अलावा घर में कीड़े-मकोड़े के प्रवेश जैसे अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। खपरैल वाले कच्चा मकान में निवास करने के कारण बारिश के दिनों में घर में पानी भरने से बहुत ही दिक्तों का सामना करना पड़ता था। इसके अलावा कई बार रात में बारिश होने से जागरण भी करना पड़ता था। लेकिन आज प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लस्वरूप पक्का मकान बनने से हमारे परिवार कि बड़ी समस्या का निराकरण हुआ है। उन्होंने कहा कि अब हम निश्‍िचत होकर अपने परिवार के साथ इस मकान में निवास कर रहे हैं। इसके अलावा अपने छोटे बाल-बच्चों को घर में सुरक्षित छोड़कर समय पर अपने काम में जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हमारे जैसे अनेक गरीब लोगों के निवास हेतु अनुकूल आवास प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना की सफ्ल क्रियान्वयन की जा रही है। वह अत्यन्त ही लोक हितैषी एवं जनकल्याणकारी है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारत सरकार के प्रति विनम्र आभार व्यक्त करते हुए उन्हे हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### आज एवं कल विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का होगा आयोजन

सूरजपुर/21 दिसंबर (आरएनएस)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के आगामी कार्यक्रम 22 से 23 दिसंबर के लिए विभिन्न स्थानों पर निर्धारित कर लिये गए हैं। जिनका विवरण निम्नानुसार हैः 22 दिसंबर को दतिमा, सुमेरपुर, गंगौटी, तारा एवं चंदौरा में सूबह 10 बजे से, गांगीकोट तिवरागुड़ी, शिवप्रसादनगर, मेंड्रा व मायापुर-01 में दोपहर 02 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## एयरटेल बिजनेस ने 20 मिलियन स्मार्ट मीटर्स को पावर-अप करने के लिये इंटेलिस्मार्ट के साथ साझेदारी की

**रायपुर।** भारती एयरटेल (एयरटेल), भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक है, ने आज इंटेलिस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी किए जाने की घोषणा की है। इंटेलिस्मार्ट एक अग्रणी स्मार्ट मीटरिंग एवं डिजिटल समाधान प्रदाता है और इस साझेदारी के तहत 20 मिलियन स्मार्ट मीटर्स को पावर-अप किया जाएगा। यह साझेदारी हाई एंड ऐप्लीकेशंस, जैसे कि क्लाउड और एनालिटिक्स के साथ एडवांस मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और मीटर डेटा मैनेजमेंट सिस्टम्स में एयरटेल का प्रवेश भी दिखाती है। यह देश में स्मार्ट मीटरिंग के क्षेत्र में इस तरह कीसबसे बड़ी डील है। यह विभिन्न सेक्टर्समें एयरटेल के तेजी से बढ़ रहे आईओटी डिप्लॉयमेंट के लिये महत्वपूर्ण योगदान देगी। एयरटेल के आईओटी प्रस्ताव में इसके स्वामित्व वाला प्लेटफॉर्म 'एयरटेल आईओटी हब' शामिल है। यह स्मार्ट मीटर्स की एडवांस्ड एनालिटिक्स से ट्रैकिंग और निगरानी में कंपनी की मदद करेगा। यह टेल्को ग्रेड सिक्योरिटी से समृद्ध बेहद उच्च विश्वसनीयता भी बनाकर रखेगा। आईओटी हब एयरटेल के अपने क्लाउड नेटवर्क पर है। इससे एंटरप्राइज यूजर्स को काफी सुरक्षित एवं शानदार तरीके से अरबों उपकरणों तथा प्रयोगों से जुड़ने और उन्हें प्रबंधित करने की क्षमता मिलेगी।

## राष्ट्रीय गणित दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन

राजिम– श्री कुलेश्वरनाथ बाल कल्याण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम में 22 दिसंबर श्रीनिवास रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम का आयोजन हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, प्रणव अक्षर ?, और भारत माता के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि- भोला सिंह राजपूत थाना प्रभारी राजिम, राघोबा महाडिक-अध्यक्ष, अजय साहू- सचिव, रामकुमार गोस्वामी- कोषाध्यक्ष, कालूराम ध्रुव- सदस्य, गोविंद राम चौधरी- प्राचार्य के द्वारा सरस्वती वंदना



एवं पूजन करके किया गया. सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष में कक्षा तृतीय से द्वादश के छात्र छात्राओं के द्वारा गणितीय रंगोली, गणितीय चार्ट, गणितीय प्रदर्श, गणित पर निबंध, श्रीनिवास रामानुजन का चित्र, भाषण, और गणित प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम संपन्न हुआ । श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय की छात्रा वीणा साहू ने श्रीनिवास रामानुजन के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्य व उनके द्वारा गणित के विषय में छात्र - छात्राओं को रुचि लेने पर प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राघोबा महाडिक - अध्यक्ष ने छात्र छात्राओं को गणित दिवस की शुभकामना दिए । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोला सिंह राजपूत थाना प्रभारी राजिम ने कहा- विद्यालय में इस प्रकार कार्यक्रम के आयोजन से विद्यार्थियों में छिपे विशेष प्रतिभा का विकास होता है, गणित का डर समाप्त होता है, और बच्चे गणित में रुचि लेते है। विद्यालय संचालन समिति के सचिव- अजय साहू ने अतिथियों का आभार एवं समस्त विद्यार्थियों को गणित दिवस- रामानुजन जयंती की शुभकामना दिए। उक्त कार्यक्रम में संचालन समिति के शिवकुमार सिंह ठाकुर, अशोक श्रीवास्तव, छाया शर्मा, सुरेंद्र साहू, जीवन साहू, ने शुभकामना दिए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य- नामदास लहरे, आचार्यगण- हेमंत महाडिक, रोशन शुक्ला, अनीता जाधव, विवेकानंद साहू, योगेश साहू एवं समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संचालन कर रहे विद्यालय के वैदिक गणित प्रमुख - आचार्य उत्तम साहू ने बताया कि शासकीय राजीवलोचन महाविद्यालय राजिम में भी गणित मेला का आयोजन हुआ जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्रप्त किये है। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार-प्रसार प्रमुख लोमस सोनकर व विवेकानंद साहू ने दिया।

## हसदा न.2 में 7 दिवसीय रासेयो शिविर, स्वयंसेवक रवाना

नवापारा (राजिम) समीपस्थ ग्राम हसदा न.2 में सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर के लिए प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी एवं उप प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने शिविर के स्वयंसेवकों को रवाना किया और शिविर की सफलता की शुभकामनाएं दी। नशा मुक्त समाज के लिए युवा% विषय को अंजाम देने के



लिए स्वयंसेवक निकल पड़े हैं। ग्राम हसदा न.2 पहुंचने पर शशिप्रकाश साहू, तोरण साहू, विकास साहू, होरीलाल साहू सुरसेन साहू, श्रीमती चंद्रिका साहू, श्रीमती तीजिया बाई साहू एवं ग्राम के सैकड़ों युवाओं ने स्वयंसेवकों का स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच शशिप्रकाश साहू ने बताया कि शिविरार्थियों द्वारा गांव में जन जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही महिला कमांडो को साथ लेकर नशा उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाएगा। विशेष शिविर का उद्घाटन का मुख्यतिथि धनेंद्र साहू,पूर्व विधायक अभनपुर, अध्यक्षता डॉ.राजेंद्र गदिया सहसचिव चित्रोत्पला शिक्षण समिति, विशिष्ट अतिथि डॉ.शोभा गावरी प्राचार्य महाविद्यालय, श्री शशिप्रकश साहू सरपंच, श्री होरीलाल साहू उपसरपंच,श्री भूपेंद्र साहू जनपद सदस्य, गोवर्धन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, चंद्रहास साहू पूर्व जनपद सदस्य द्वारा 23 दिसंबर को किया जाएगा शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आर.के रजक के नेतृत्व में होगा 7

## कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

**कोरबा ।** दोस्त की हत्या करने की कोशिश करने के मामले में गिरफ्तार आरोपित के विरूद्ध पुलिस ने धारा 307 के तहत मामला दर्ज किया है। पुरानी रंजिश को लेकर हुई इस घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि डाक्टर की रिपोर्ट के आधार पर धारा को जोड़ा गया है।

जिले की दर्री थाना अंतर्गत रजक अली और राघवेंद्र सिंह दोनों लाटा बस्ती के निवासी हैं। दोनों के बीच दोस्ती थी। बुधवार देर रात बस्ती में अपने अन्य दोस्तों के साथ अलाव का सहारा ले रहे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर रजक अली और राघवेंद्र के बीच विवाद हो गया, जो बढ़ कर हाथापाई में बदल गया। गुस्साए राघवेंद्र ने घर से कुल्हाड़ी लाकर रजक अली पर हमला कर दिया। घटना में रजक को गंभीर रूप से चोट लगी। जानकारी मिलने पर घायल के स्वजन मौके पर पहुंचे और उसे लेकर अस्पताल गए। इसके साथ ही घटना की सूचना पुलिस को दी। दर्री पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित राघवेंद्र को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मारपीट के दौरान उन्होंने रजक को बचाने की बहुत कोशिश की, लेकिन विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपित ने सीधे कुल्हाड़ी से ही हमला कर दिया। इस घटना में रजक के सिर पर गंभीर चोट आई है।

## गठबंधन या सिर्फ तालमेल?

जो बात सिरे से गायब रही, वह कोई साझा न्यूनतम कार्यक्रम है। इंडिया समूह की अर्थ नीति या विकास नीति किस रूप में मोदी सरकार से अलग होगी, उस पर अब तक इन दलों ने विचार करने तक की जरूरत नहीं समझी है।

विपक्ष के समूह इंडिया की बैठक से यही संकेत मिले कि इन दलों के बीच नरेंद्र मोदी को सत्ता से बाहर करने के अलावा कोई किसी और साझा उद्देश्य पर सहमति नहीं है। इसलिए बैठक से प्रमुख खबर यही उभरी कि अगले तीन हफ्तों में इस समूह में शामिल 28 पार्टियां विभिन्न राज्यों में लोकसभा सीटों के बंटवारे पर अंतिम फैसला कर लेंगी। इसके अलावा थोक भाव में विपक्षी सांसदों के निलंबन के मुद्दे पर 22 दिसंबर को विरोध दिवस मनाने और कुछ साझा रैलियां करने का निर्णय हुआ। संभवतः कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री पद के चेहरे के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रस्तावित किया, लेकिन उस पर सहमति नहीं बनी। वैसे भी यह साफ नहीं है कि यह प्रस्ताव सचमुच दिल से दिया गया, या इसके पीछे किसी अन्य नेता को काटने की चाल थी। बहरहाल, जो बात सिरे से गायब रही, वह कोई साझा न्यूनतम कार्यक्रम है। इन समूह की अर्थनीति या विकास नीति किस रूप में मोदी सरकार से अलग होगी, उस पर अब तक इन दलों ने विचार करने की जरूरत नहीं समझी है। ऐसे में यह सारा प्रयास सीटों के तालमेल तक सिमटता दिख रहा है।

मकसद यह है कि भाजपा विरोधी वोटों को बंटने से रोका जाए, ताकि अगले आम चुनाव में भाजपा को सीटों की संख्या के लिहाज से अधिकतम नुकसान पहुंचाया जा सके। गणना संभवतः यह है कि अगर 2019 की तुलना में भाजपा की 60-70 सीटें घटाई जा सकें, तो फिर कुछ ऐसे नए राजनीतिक समीकरण बन सकते हैं, जिनसे नरेंद्र मोदी और अमित शाह को सत्ता से हटाया जा सकेगा- या कम-से-कम सत्ता पर उनकी पकड़ ढीली हो सकेगी। अगर महत्त्वाकांक्षा इतनी कमजोर नहीं होती, तो ये दल अपने भावी शासन के स्वरूप और कार्ययोजना पर विचार करते। तब उनकी रणनीति मतदाताओं में ऐसा उत्साह पैदा करने की होती, जिससे इंडिया को सकारात्मक जनादेश प्राप्त हो सके। लेकिन अभी सारा एजेंडा मोदी सरकार की ÷तानाशाही÷ का मुद्दा सामने रखकर जनादेश प्राप्त करने तक सीमित है। अब समय इतना कम है कि इस एजेंडे में बदलाव की गुंजाइश कम ही रह गई है।

**संपादकीय**

## बेरोजगारी का गंभीर मसला

संसद की सुरक्षा चूक के मामले में बहस का दायरा बढ़ गया है। कानून तोड़ने वालों को अपने किए की सजा मिलनी चाहिए, लेकिन साथ ही उस मसले का हल भी जरूर ढूंढा जाना चाहिए, जो आगे चल कर देश में सामाजिक अस्थिरता का कारण बन सकती है। यह निर्विवाद है कि संसद की सुरक्षा को भंग करने वाले नौजवानों ने गैर-कानूनी रास्ता चुना। इसके लिए उनके खिलाफ कानून की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बीच बेशक इस मामले में ऐसा कुछ नहीं कहा जाना चाहिए, जिससे समाज ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा मिले। लेकिन हकीकत यह है कि इस घटना से भारत में रोजगार के सवाल पर बहस खड़ी होती नजर आ रही है। इसकी वजह इन नौजवानों की पृष्ठभूमि है। ये सभी पढ़े-लिखे, लेकिन अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार ढूंढ पाने में नाकाम नौजवान हैं। उनमें से कम-से-कम तीन के माता-पिता और अन्य परिजनों ने सार्वजनिक बयान दिया है कि बेरोजगारी का मुद्दा उठाना गलत नहीं है। इस बात ने ध्यान खींचा है कि इन नौजवानों के परिजन पूरी मजबूती से अपनी 'बेटी/बेटों' के साथ खड़े हैं। इसीलिए पहले सोशल मीडिया पर ये चर्चा छिड़ी। फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि संसद की सुरक्षा भंग होने के पीछे मुख्य कारण देश में बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई की समस्याएं हैं।उधर मेनस्ट्रीम मीडिया के एक हिस्से में इस प्रकरण में इस पहलू की चर्चा शुरू हुई है। इनमें ध्यान दिलाया गया है कि देश में ऊंची आर्थिक विकास दर के साथ-साथ बेरोजगारी की समस्या भी बढ़ती चली गई है। यह आज के भारत के हकीकत है। जिस देश में श्रम शक्ति भागीदारी दर (एलएफपीआर) 40 प्रतिशत से नीचे बनी हुई हो और उसके बावजूद बेरोजगारी दर भी साढ़े प्रतिशत से ऊपर हो, वहां आबादी के एक बड़े हिस्से में पैदा गहराने होने वाली मायूसी का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस पर ध्यान देने के बजाय वर्तमान सरकार का नजरिया रोजगार की परिभाषा बदल कर समस्या की गंभीरता को घटाकर बताने का रहा है। यह एक तरह से परेशान नौजवानों के जले पर नमक छिड़कने जैसा है। अब बेहतर होगा कि सरकार अपना ये नजरिया बदले।

# छत्तीसगढ़ का खास- बेजोड़ मोहरिया पंचराम देवदास

**स्मृतिशेष**
**विजय मिश्रा 'अमित'**



**छत्तीसगढ़ के लुप्त होते लोकवाद्यों में मोहरी की भी गिनती होने लगी है।मोहरी को बचाने हेतु नये जमाने के मोहरियों के लिए आपकी भूमिका क्या है? इस सवाल के जवाब में पंचराम बोले-सौ फीसदी चिंता की बात उठाए हैं महराज जी।आज के बच्चे असल को छोंड़कर नकल के पीछे भागते दिख रहे हैं। नई पीढ़ी परम्पराओं पुस्तैनी कलाओं से जुड़े इस मंशा को लिए हुए मैं नये बच्चों को फोकट में मोहरी बजाना सिखाता हूं।सौ से भी ज्यादा मोहरी बना कर बांट चुका हूं।**

हमारे छत्तीसगढ़ की माटी ,पर्व,गीत संगीत में लोकवाद्य मोहरी रचा बसा है। छत्तीसगढ़ के गांड़ा समाज का यह खास वाद्य यंत्र हे।अनादि काल से मोहरी,गुदुम, दमऊ,दफड़ा और निसान नामक वाद्यों का चलन छत्तीसगढ़ में है। इन्हें सामूहिक रूप से गांड़ा बाजा कहा जाता है। छत्तीसगढ़ के गांड़ा समाज के जीविकोपार्जन का बड़ा सहारा रहा है।आज भी गांव गंवई में विवाहोत्सव,दिवाली पर तथा विशिष्ट जनों के आगमन पर इसे बजाते स्वागत किया जाता है। छत्तीसगढ़ के इन लोकवाद्यों में जोरदार मोहरिया रहे हैं पंचराम देवदास।मोहरी बजाने में माहिर पंचराम का निधन वर्ष 2017 में 24 दिसम्बर को हुआ था।वर्ष 1950 में 14 अगस्त के दिन इनका जन्म राजनादगांव के निकट आमगांव में हुआ। इन्हें इनके पिताश्री जीवन लाल और मां फूल बाई के दुलार के साथ ही मोहरी का सानिध्य भी मिला। पंचराम के मोहरी वादन से छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव का अगाज होता था। छत्तीसगढ़ में मेला-मड़ई के साथ ही दिल्ली,मुम्बई,इलाहाबाद- उज्जैन महाकुंभ, अंतरराष्ट्रीय शिल्प महोत्सव सूरजकुंड हरियाणा,जमेशदपुर महोत्सव,अंतरराज्यीय संस्कृति महोत्सव भुनेश्वर,जैसे अनेक बहुप्रतिष्ठित संस्कृति जगार मेला में पंचराम की मोहरी की धुन श्रोताओं दर्शकों के कान में शहद जैसी मिठास घोलती रही है। छत्तीसगढ़ का बहुप्रतिष्ठित सम्मान रामचंद्र देशमुख बहुमत सम्मान सहित अनेक पुरस्कार,सम्मान से वे अलंकृत हुए हैं। आज उनकी पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए मेरी कलम लिख रही है वर्ष 1999 की बातें।उस जमाने में लोकगीतों की रिकार्डिंग,कैसेट हेतु छत्तीसगढ़ के कलाकार जबलपुर,कटक के स्टुडियो ही जाते थे। इसी तरह गीतों की रिकॉर्डिंग हेतु सुप्रसिद्ध लोकगायिका कविता-विवेक वासनिक अपने दल के साथ मेरे घर जबलपुर में ही ठहरे थे, चूंकि मैं भी अनेक छत्तीसगढ़ी लोकमंचों में इनके साथ एक्टिंग एंकरिंग करता था। मध्यप्रदेश विद्युत् मंडल जबलपुर में जनसंपर्क अधिकारी की नियुक्ति उपरांत लोकमंचों से कुछ दूरियां बढ़ीं पर रिश्तों में प्रगाढ़ता बनी रही।

मेरे घर पर ही कविता- विवेक के साथ लगातार एक सप्ताह तक संगीतकार खुमान साव,गिरिजा सिन्हा(बेंजो),पंचराम देवदास (मोहरी),राकेश साहू (तबला), प्रभु सिन्हा, महादेव हिरवानी,भगवती साहू रूके और 'धरोहर -धनी- धुन' आडियो कैसेट के गीतों की रिकार्डिंग कार्य को पूरा करवाए।



रिकार्डेड गीतों में बजे पंचराम देवदास की मोहरी देशी घी की तरह पृथक पहचान बना गई। पंचराम की मोहरी का मैं मुरीद हो गया था। एक दिन घर की छत पर धूप सेंकते पंचराम जी से मैंने पूछा-लोक वाद्य मोहरी से आपकी मित्रता का किस्सा क्या है जी?मेरा सवाल सुनकर वे हाथ पैर में सरसों तेल लगाते हुए पंचराम बोले- महराज जी,मोहरी साथ हमारी मितानी खानदानी है। दरअसल हमारे गांड़ा समाज के ए पुरखौती बाजा है?।इसे बजाने की कला जन्मजात मेरे लहू में समाहित है। बात आगे बढ़ाते मैने फिर सवाल किया-आपके बालपन की सखी मोहरी की बनावट कैसे, किससे होती है?इसके जवाब में अपने निकट रखे मोहरी को द दिखाते हुए वे बोल - ये देखिए,मोहरी एक हाथ लम्बी होती है। शास्त्रीय वादकों का मानना है इस प्राचीन लोकवाद्य का ही परिष्कृत रूप शहनाई है। मोहरी की बनावट को तीन भागों में बांट सकते हैं।पोंगा जैसे बनावट इसके अग्रभाग को 'फेर' कहते हैं।आजकल यह लकड़ी के अलावा कांसा,पीतल,स्टील से बनने लगा है।फेर के पीछे अर्थात मोहरी के मध्य भाग को 'डांडी' कहते हैं। डांडी को ठोस बांस से बनाते हैं,जिसमें बासुरी की तरह सात आठ छिद्र होते हैं।मोहरी बजाते समय इन्हीं छिद्रों पर उंगलियां सुरों की उत्पत्ति की जाती है। डांडी से जुड़ा मोहरी का सबसे पिछला भाग 'सोंसी' कहलाता है।सोंसी के साथ ही नारियल खोटली से निर्मित गोल ढक्कन की तरह 'फिलफिली' जुड़ी होती है,जो कि मोहरिया के फूंकते समय मुंह से निकलती हवा को सीधे सोंसी में भेजने में सहायक होती है।

मोहरी से निकलती कोयली जैसी मीठी स्पष्ट आवाज का राज पूछने पर पंचराम जी बताए- मोहरी से मीठे सुर निकालने में ताल पेंड़ की पत्ती की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।ताड़पत्ते के छोटे से टुकड़े को मोहरी की सोंसी में फंसाया जाता है।मोहरिया लोग एक छोटे डिब्बे में ताड़पत्र के टुकड़ों को सुरक्षित रखते हैं।इसे मोहरी में फंसाने के पहले पानी में में भिगोकर रखा जाता है।जिससे कोमल होकर ताड़पत्र टूटता नहीं और मधुर आवाज भी निकालता है। छत्तीसगढ़ी लोक संगीत में मोहरी की उपादेयता पूछने पर पंचराम बोले - सिंदूर बिना सुहागिन जैसी स्थिति मोहरी बिना लोकगीत संगीत की होगी।मेरी मोहरी के सुर में सजे ऐसे गीतों का मजा आकाशवाणी,दूरदर्शन अऊ छत्तीसगढ़ की नामी संस्था चंदैनी गोंदा,सोनहा बिहान,लोकनाट्य कारी, अनुराग धारा के गीतों में ले सकते हैं। तभी मेरी श्रीमती जी गरम गरम चिला और धनिया -मिरची-टमाटर की महकती हुई चटनी लेकर आ गईं।उनका स्वाद लेते मैंने सवाल किया-पंचराम भईया,

छत्तीसगढ़ के लुप्त होते लोकवाद्यों में मोहरी की भी गिनती होने लगी है।मोहरी को बचाने हेतु नये जमाने के मोहरियों के लिए आपकी भूमिका क्या है? इस सवाल के जवाब में पंचराम बोले- सौ फीसदी चिंता की बात उठाए हैं महराज जी।आज के बच्चे असल को छोंड़कर नकल के पीछे भागते दिख रहे हैं। नई पीढ़ी परम्पराओं पुस्तैनी कलाओं से जुड़े इस मंशा को लिए हुए मैं नये बच्चों को फोकट में मोहरी बजाना सिखाता हूं।सौ से भी ज्यादा मोहरी बना कर बांट चुका हूं।नये मोहरियों से कहता हूं मोहरी एक फूंकनी वाद्य है।इसे बजाने के लिए दमदार सांस जरूरी है,अतः बीड़ी चोंगी सिगरेट से दूर रहें।लगे दम तो मिटे गम का वहम मन में न पालें।बात चीत करते करते बारा बज गए थे।वे लोग खा पीकर रिकार्डिंग हेतु स्टूडियो चले गए।

उस घड़ी को याद करते हुएआज भी कहीं मोहरी सुनता हूं तो देवदास जी की मोहरी में डूबा मन कहता है-नाम गुम जाएगा,चेहरा ए बदल जाएगा, मेरी आवाज ही मेरी पहचान है, गर याद रहे।

## आज का राशिफल

**मेष राशि-** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप किसी काम के बारे में नए सिरे से सोच सकते हैं। मार्किट में किसी तरह का निवेश करने जा रहे हैं, तो पूरी तरह से रिसर्च के बाद ही निवेश करें। इससे आपको फायदा मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लंबे समय के बाद खुद को तरो-ताजा महसूस करेंगे।

**वृष राशि-** आज आपका दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम या मीटिंग की वजह से आपको ऑउट ऑफ स्टेशन या फिर विदेश यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। ऑफिस में आपको पहले की अपेक्षा ज्यादा काम मिल सकता है, लेकिन आप समय रहते सब कुछ अच्छे से निपटा लेंगे। इस राशि के जो लोग स्टेशनरी का बिजनेस करते हैं, उनके लिए दिन ज्यादा लाभकारी रहेगा।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जो लोग लंबे समय से नौकरी की तलाश में हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। जो छात्र सरकारी नौकरी के लिए कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उनको भी आज कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आज आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसे समय रहते पूरा कर लें। ऑफिस में आपको किसी बड़े आधिकारी या सहकर्मी का सहयोग मिल सकता है।

**कर्क राशि-** आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते कुछ काम पूरे होने से रह सकते है। आज कोई भी जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से राय जरुर ले लें। आपके दिमाग में खुद-ब- खुद नए-नए आइडियाज आते रहेंगे।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के जो छात्र विदेश में हॉयर एजुकेशन के लिए जाना चाहते हैं, वो किसी से इस बारे में राय ले सकते हैं। आज रुपये पैसों की लेन-देन में आपको थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। किसी को पैसे उधार देने से पहले अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें। बदलते मौसम में आपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरूरत है।

**कन्या राशि-** आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम जरूर सफल होंगे। जो लोग लंबे समय से अपनी कन्या के लिए वर की तलाश कर रहे हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है, कन्या के लिए आपको सुयोग्य वर मिल सकता है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में भी आपको अच्छी खबर मिल सकती है। आज आपको जीवनसाथी का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

**तुला राशि-** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। जो लोग टूर एंड ट्रैवल के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस से जुड़े लोगों को कुछ बड़े प्रोजेक्ट मिल सकते हैं। आज अपनी वाणी पर संयम रखें। आपके मुंह से निकली हुई एक गलत बात आपके रिश्तों को खराब कर सकती है।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन थोड़ा अच्छा रहेगा। आज आपको मन मुताबिक परिणाम मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। किसी के साथ पार्टनरशिप के लिए दिन अच्छा रहेगा। नौकरीपेशा महिलाओं के लिए भी दिन बढ़िया रहेगा, बॉस और अन्य सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। ऑफिस में किसी काम के लिए आप खुद से जिम्मेदारी ले सकते हैं।

**धनु राशि-** आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे। जो लोग राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज आपकी पार्टी आपको कोई बड़ा पद भी दे सकती है। जनता के बीच आपका मान सम्मान भी बढ़ेगा। जो लोग लोहे के व्यापार से जुडे हैं, उनके व्यापार में वृद्धि होगी। फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स को कोई काम मिल सकता है। इससे आप खुद के सपनों को पूरा कर पायेंगे।

**मकर राशि-**आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। किसी सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज स्वास्थ्य पर ध्यान देने की भी जरूरत है। आज किसी भी तरह की लापरवाही करने आपको बचना चाहिए। लवमेट्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। जो लोग थोक विक्रेता है, उनको आज विशेष लाभ होगा। किसी दूसरे शहर से सामान मंगवाना हो, तो आज इससे जुड़े निर्णय ले सकते हैं। संपत्ति से जुड़े मामलों में जीवनासाथी का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ़ होगी। हर कोई आपसे अच्छा व्यवहार करेगा। आज समाज से जुड़े कार्यों को करने के लिए दिन उत्तम है। आप किसी एनजीओ की शुरुआत या किसी सामजिक संगठन से जुड़ सकते हैं। आज ऑफिस में काम करने में आपका कोई सानी नहीं होगा। आपके जूनियर भी आपसे काम सिखना चाहेंगे। किसी काम के लिए आपको ऑफिस में अवॉर्ड भी मिल सकता है। छात्रों को आज किसी प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।

**मीन राशि-** आज आपका दिन अच्छा बितेगा। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज सफलता मिलेगी। आपको किसी बड़े ग्रुप से जुड़ने का मौका मिलेगा। आज ज्यादा से ज्यादा समय आप अपने घर के साथ गुजार सकते हैं। आप सबके साथ कहीं घूमने जाने का प्लॉन भी बना सकते हैं। आज धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आप किसी धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बन सकते हैं। किसी प्रोडेक्ट की मार्किटिंग के लिए भी दिन अच्छा है। आपकी पदोन्नति के आसार भी बन रहे हैं।

# संसद में सब कुछ नया-नया

**अजीत द्विवेदी**

भारत में इन दिनों बहुत कुछ नया हो रहा है और बड़ा भी हो रहा है। ग्रैंड स्केल पर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी था कि उन्हें ईश्वर ने ऐसा बनाया है कि वे छोटा सोच ही नहीं सकते हैं। वे जो सोचते हैं, बड़ा सोचते हैं। तभी उनकी सरकार में सब कुछ बड़ा हो रहा है। संसद की नई और बड़ी इमारत बनी। उसके उद्घाटन का कार्यक्रम भी भव्य हुआ और सैंगोल स्थापित किया गया। नए संसद भवन में जो पहला सत्र हुआ उसके पहले दिन दशकों से लंबित महिला आरक्षण विधेयक पेश किया गया और उसी सत्र में पास कराया गया। अब एक दिन में सबसे ज्यादा सांसदों को निलंबित करने का रिकॉर्ड भी बना है। साढ़े तीन दशक पुराना रिकॉर्ड टूटा है। इस नए भवन में सत्तापक्ष के एक सांसद ने विपक्षी पार्टी के एक सांसद के ऊपर उसके धर्म को लेकर टिप्पणी की। संसद सत्र के दौरान नई परंपराएं भी कायम हो रही हैं और सदन की कार्यवाही में अनुशासन तो ऐसा बन रहा है कि ईसाई मिशनरी स्कूलों के हेडमास्टर भी उससे सबक सीख सकते हैं। विधायी कामकाज के भी नए तरीके विकसित हो रहे हैं। विधेयक अब संसदीय समितियों को नहीं भेजे जाते हैं, संयुक्त संसदीय समिति नहीं बनती है और प्रवर समिति भी अपवाद है। सरकार के कामकाज को लेकर सीएजी की रिपोर्ट पेश होने का पुराना सिस्टम भी धीरे धीरे समाप्ति की ओर बढ़ रहा है।

सांसदों का निलंबनः नए संसद भवन में शीतकालीन सत्र के 11वें दिन सोमवार, 18 दिसंबर को एक दिन में 78 सांसदों को निलंबित किया गया। निलंबित सांसदों में 33 लोकसभा के और 45 राज्यसभा के सदस्य थे। राज्यसभा के 11 सांसदों का और लोकसभा के तीन सांसदों का मामला विशेषाधिकार समिति को भेजा गया है। समिति को तीन महीने में रिपोर्ट देने को कहा गया है। यानी इन 14 सांसदों का निलंबन कम से कम तीन महीने रहना है। इसका मतलब है कि वे जनवरी के आखिर में शुरू होने वाले 17वीं लोकसभा के आखिरी सत्र में शामिल नहीं हो पाएंगे। बाकी सदस्यों का निलंबन सत्र के बचे हुए कार्यकाल यानी 22 दिसंबर तक है। सत्र के 12वें दिन यानी मंगलवार को लोकसभा से 49 और सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। निलंबित सांसदों का कसूर यह था कि वे संसद की सुरक्षा में 13 दिसंबर को हुई चूक के मामले में केंद्रीय गृह मंत्री के बयान की मांग रहे थे। इसके लिए वे सदन के अंदर तख्तियां लेकर नारेबाजी कर रहे थे। हालांकि यह पहली बार नहीं हो रहा था। विपक्ष में तो सबसे ज्यादा समय तक भाजपा को ही बैठने का अनुभव है और उसके सांसद भी तख्तियां लेकर प्रदर्शन करते रहे हैं। लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। अब संसदीय परंपरा या लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन अहम नहीं है, अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है।तभी लोकसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेता और उप नेता सहित 33 सदस्यों को एक दिन में निलंबित कर दिया गया और अगले दिन 49 और सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। उधर राज्यसभा में सबसे बेहतरीन वक्ताओं और संसदीय आचरण वाले सदस्यों सहित 45 लोग निलंबित हुए। इससे पहले 14 दिसंबर को 14 सांसद निलंबित हो चुके थे। सो, निलंबित सांसदों की संख्या 141 हो गई। इससे पहले का रिकॉर्ड 63 सांसदों का था। 1989 में इंदिरा गांधी की हत्या की जांच कर रहे जस्टिस ठक्कर आयोग की रिपोर्ट पेश किए जाने के दिन विपक्षी पार्टियों ने हंगामा किया था और तब 63 लोगों को निलंबित किया गया था। हालांकि उसे लेकर एक दावा यह भी है कि 63 लोगों ने सामूहिक इस्तीफा दिया था, जिसे स्पीकर ने स्वीकार नहीं किया था। उस समय भाजपा को ज्यादा मौका नहीं मिल पाया था क्योंकि तब लोकसभा में उसके सिर्फ दो सांसद थे। पिछली लोकसभा में 2015 में विपक्ष के 25 सदस्यों को एक साथ निलंबित किया गया था। विपक्ष ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया था। उसका जवाब देते हुए तब के संसदीय कार्य मंत्री एम वेंकैया नायडू ने 1989 की घटना की मिसाल दी थी और तंज किया था कि सबसे ज्यादा सांसदों को निलंबित करने का रिकॉर्ड किसने बनाया है! अब भगवान का शुक्र है कि वह रिकॉर्ड भी भाजपा के नाम हो गया है।

संसद में अभद्र टिप्पणीः नए संसद भवन में हुए पहले ही सत्र में भाजपा के सांसद रमेश बिधूड़ी ने बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली के ऊपर बहुत आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने उनके धर्म को लेकर और एक व्यक्ति के तौर पर उनके ऊपर बेहद अपमानजनक टिप्पणी की। घटना 21 सितंबर की है, जब चंद्रयान-तीन और जी-20 की सफलता पर चल रही चर्चा के दौरान बिधूड़ी ने दानिश अली को निशाना बनाया था। तीन महीने बाद भी यह मामला विशेषाधिकार समिति के पास लंबित है। समिति ने बिधूड़ी को पहली बार जब बुलाया था तब वे चुनाव प्रचार के ज्यादा जरूरी काम के लिए राजस्थान जा रहे थे। इसलिए मामला टलता गया। अब बताया जा रहा है कि समिति के सामने उन्होंने माफी मांग ली है तो यह मामला खत्म हो सकता है। लेकिन वह टिप्पणी भी अद्वितीय थी क्योंकि उससे पहले सदन में किसी ने किसी सदस्य के लिए वैसे शब्दों का प्रयोग नहीं किया था। अब देखते हैं कि भाजपा सांसद का बनाया वह रिकॉर्ड कब और कौन तोड़ता है!नई संसदीय परंपराः संसद की एक परंपरा रही है कि जब सत्र चल रहा होता है तब सरकार को जो भी बयान देना होता है वह सदन के अंदर देना होता है। उस समय सदन से बाहर बयान नहीं दिए जाते हैं। लेकिन ऐसा लग रहा है कि यह परंपरा भी पुरानी हो गई है और हो सकता है कि गुलामी की मानसिकता वाली भी हो। तभी नए संसद भवन की आजाद भारत की परंपरा के तहत सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंदी के एक दैनिक अखबार को इंटरव्यू दिया। वे आमतौर पर इंटरव्यू नहीं देते हैं और मीडिया से बात करने की जरुरत नहीं समझते।

**चर्चित मुद्दा**

**डॉ. आशीष वशिष्ट ।**

# इंडिया गठबंधन को स्वीकार नहीं राहुल का नेतृत्व

बीजेपी को सत्ता से बाहर करने की नीयत से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गठबंधन के गठन के लिए भागदौड़ की थी। नीतीश के प्रयासों के चलते ही बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक हुई थी।

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस यानी इंडिया की चौथी बैठक दिल्ली में संपन्न हो गई। इस बैठक से उम्मीद थी कि गठबंधन अपना संयोजक या फिर प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर कोई निर्णय ले सकता है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। छह महीने में चार बैठकें करने बावजूद गठबंधन के दल साथ चलने, बीजेपी को हराने की हवा हवाई बातों से ज्यादा कुछ कर नहीं पाए हैं। लेकिन इस बैठक में एक खास बात हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। ममता का समर्थन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया। हालांकि इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका। लेकिन ममता बनर्जी और केजरीवाल ने बड़ी चालाकी से खरगे का नाम आगे करके राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर दिया। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता समझते हुए खरगे ने कहा, पहले जीतें, फिर देखेंगे। इस मसले पर भले ही कोई फैसला नहीं हुआ, लेकिन ममता और केजरीवाल ने राहुल की पीएम पद की दावेदारी को तो डाउन कर दिया। बीजेपी को सत्ता से बाहर करने की नीयत से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गठबंधन के गठन के लिए भागदौड़ की थी। नीतीश के प्रयासों के चलते ही बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक हुई थी। इसके बाद बेंगलुरु और मुंबई में दूसरी और तीसरी बैठक हुई। लगभग छह महीने में गठबंधन की चार बैठकें हुई। पहली बैठक से ही कांग्रेस अपने को ऐसे पेश कर रही थी कि, विपक्षी दल उसके प्रयासों से एकजुट हुए हैं। कांग्रेस ने हर बैठक में अपना हाथ और एजेंडा ऊपर रखा। कांग्रेस ने ऐसे प्रोजेक्ट किया कि इस गठबंधन को लीड करेगी और राहुल गांधी गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री का चेहरा होंगे। गठबंधन में शामिल कई दल राहुल गांधी के चेहरे और नाम पर सहमत नहीं थे। वो स्वयं को प्रधानमंत्री पद का सशक्त दावेदार समझते हैं। कर्नाटक में शानदार जीत के बाद कांग्रेस का उत्साह सातवें आसमान पर था। 13 मई को कर्नाटक चुनाव नतीजों के ठीक एक महीना दस दिन बाद यानी 23 जून को विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक हुई। पहली बैठक में ही संयोजक, सीट शेयरिंग आदि मुद्दों पर सुगबुगाहट शुरू हो गई थी। विपक्षी पार्टियों के नेताओं की दूसरी बैठक जुलाई को बेंगलुरु में हुई थी जहां गठबंधन का नाम इंडिया गठबंधन होगा, इस बात का ऐलान किया गया था। गठबंधन की तीसरी बैठक शिवसेना की मेजबानी में इस साल 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में हुई थी। इस बैठक में गठबंधन की कोआर्डिनेशन कमेटी का गठन हुआ था। कोऑर्डिनेशन कमेटी की भी एक घोषणा की। लेकिन ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार ने कोई न कोई बहाना लगाकर बैठक में आने से इंकार कर दिया। असल में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल दलों समाजवादी पार्टी, जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय लोकदल में सीटों के बंटवारे को लेकर तनातनी हुई थी। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेताओं के बीच शर्मनाक बयानबाजी खूब चर्चा में रही थी। कांग्रेस के इस व्यवहार से घटक दलों में रोष व्याप्त था। इसलिये 6 दिसंबर की बैठक को कांग्रेस को टालना पड़ा था। विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस भी सातवें आसमान से सीधे जमीन पर आ गिरी।




बैठक हुई थी। हालांकि, वह बैठक पांच राज्यों के चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले हुई थी।इन तीन बैठकों में कांग्रेस जानबूझकर सीट शेयरिंग और संयोजक के नाम के अहम मुद्दे का टालती रही। कांग्रेस की मंशा यह थी कि पांच राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव के बाद इन मसलों पर बात की जाएगी। असल में कांग्रेस को पूरी उम्मीद थी कि कर्नाटक की भारी जीत और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से उसके पक्ष में माहौल बना हुआ है, और वो इन राज्यों में शानदार जीत हासिल करेगी। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद उसका पलड़ा भारी होगा और वो अपने शर्तों के हिसाब से गठबंधन में शामिल दलों से तमाम मुद्दों पर तोल-मोल कर सकेगी। लेकिन कांग्रेस की चालाकी, रणनीति और हथकंडे फेल साबित हुए। और हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से उसका सफाया हो गया। तेलंगाना में कांग्रेस को जीत तो मिली लेकिन तीन राज्यों की हार ने इस जीत का मजा किरकिरा कर दिया।

बीती 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा हुई। उसी दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को इंडी अलायंस की बैठक की चौथी बैठक की चुनाव नतीजों के बाद से ही उसके तेवर ढीले हैं। अब वो घटक दलों के साथ सहयोग और साथ चलने की कसमें खा रही है, लेकिन उसके रवैये से घटक दल चौकन्ने हैं। वो कांग्रेस के साथ चलना चाहते हैं लेकिन अपनी शर्तों के आधार पर। चूंकि गठबंधन में शामिल हर दल का नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार मानता है, ऐसे में संयोजक और प्रधानमंत्री के चेहरे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो पा रहा है। खरगे के नाम का समर्थन करने का सीधा मतलब है राहुल के नाम और चेहरे को खारिज करना।

कांग्रेस भी सारी कहानी को बखूबी समझ रही है। लेकिन विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद उसमें उतना दम नहीं बचा कि वो गठबंधन में शामिल दलों पर प्रेशर बना सके। चूंकि कांग्रेस का मतलब गांधी परिवार ही है तो ऐसे में गठबंधन के दलों ने खरगे का नाम का प्रस्ताव करके सीधेतौर पर गांधी परिवार को ही खारिज किया है। रही बात सीट शेयरिंग की तो वो बड़ा पेचीदा मसला है। यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली में क्रमशः 80, 40, 42, 13 और 7 कुल मिलाकर 182 संसदीय सीटें आती हैं। यूपी में समाजवादी पार्टी, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यूनाइटेड, पंजाब और दिल्ली में आम आदमी पार्टी और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का प्रभाव है। सपा और तृणमूल कांग्रेस अपने राज्यों में कांग्रेस को ज्यादा सीटें देने के मूड में नहीं हैं। क्षेत्रीय दल अपने प्रभाव क्षेत्र में किसी दूसरे दल पांव पसारने का मौका नहीं देना चाहते हैं। कर्नाटक और तेलंगाना में मुस्लिम वोटरों के कांग्रेस के प्रति झुकाव को देखते हुए ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव काफी चौकन्ने हो गए हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि गठबंधन की चौथी बैठक में राहुल गांधी को लेकर इंडिया गठबंधन की असहजता अब खुलकर सामने आने लगी है। इंडिया गठबंधन के भीतर यह बात बेहद चर्चा में है कि राहुल गांधी की वजह से मुद्दों में भटकाव होता है और बीजेपी को फायदा पहुंचता है। हालिया विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जनता को मुफ्त योजनाओं का लालच दिया, जाति जनगणना का वादा किया, अदानी का मुद्दा उठाया, सीधे तौर पर प्रधानमंत्री मोदी पर हमला किया, लेकिन हिंदी पट्टी के जिन तीन राज्यों में कांग्रेस और भाजपा की सीधी टक्कर थी, वहां नतीजे उसके पक्ष में नहीं गये। जनता ने राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा और कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया। जनता को कांग्रेस के वादों से ज्यादा पीएम मोदी की गारंटी पर ज्यादा भरोसा जताया। पिछले दो दशकों के राजनीतिक करियर में राहुल गांधी के बायोडाटा में सफलता से ज्यादा असफलता की कहानियां दर्ज हैं। अधिकांश देशवासी राहुल को गंभीर और सकारात्मक सोच वाला नेता नहीं मानते। नतीजतन प्रधानमंत्री पद के लिए राहुल गांधी पीएम मोदी के सामने कमजोर उम्मीदवार दिखाई देते हैं। शरद पवार, नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, उद्धव ठाकरे और इंडी अलायंस में शामिल लगभग हर नेता प्रधानमंत्री बनने का सपना देखता है। चूंकि कांग्रेस समेत गठबंधन में शामिल किसी दल की अपने बलबूते बीजेपी से मुकाबला करने की ताकत नहीं है। इसलिए मजबूरी में ये सभी दल एक बैनर तले इकट्ठे हुए हैं। खरगे के बयान के बाद यह तो तय हो ही गया है कि गठबंधन किसी का नाम पीएम के तौर पर घोषित नहीं करेगा। मतलब गठबंधन के सभी दलों के नेता लोकसभा चुनाव के नतीजों के ऐलान तक प्रधानमंत्री बनने का सपना देख सकते हैं।

## न्यूज विंडों



### देवसागर, पीपरभवना और नगरदा में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

भटगांव। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जनकल्याणकारी योजनाओं से जनसामान्य को लाभान्वित करने के लिए संकल्प यात्रा अंतर्गत मोबाईल वैन बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत देवसागर, नगरदा, एवं पीपरभवना पहुंची। कार्यक्रम के प्रारंभ में ग्राम? पंचायत देवसागर में समूह की महिलाओं ने सुंदर रंगोली बनाकर ग्राम मोबाईल वैन का स्वागत किया एवं? पूजा अर्चना की। इस अवसर पर सभी को विकसित भारत के लिए संकल्प और विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी वाहन में लगे एलईडी के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम में सभी ग्रामीणों ने विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ ली। संकल्प रथ में लगे एलईडी प्रोजेक्शन स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत की जनता के नाम दिए गए संदेश एवं आव्हान का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत अपने विचारों को व्यक्त किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम "धरती कहे पुकार के" के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छ भारत मिशन तथा खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### ऋण पुस्तिका में छेड़ - छाड़ कर 13 लाख 20 हजार रुपए की धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

सूरजपुर। जून 2023 में ग्राम सेंधोपारा भटगांव निवासी केशव



प्रसाद ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शाहबुद्दीन निवासी मरहट्टा प्रतापपुर व 1 अन्य व्यक्ति के द्वारा दिनांक 28/09/22 से 03/04/23 के मध्य एक राय होकर दूसरे की जमीन की ऋण पुस्तिका में अपना-अपना फोटो चश्पा कर इसे ग्राम सत्यनगर में दूसरे की जमीन दिखाकर जमीन को चार एकड़ होना बताकर 3 लाख रुपए प्रति एकड़ में बिक्री करने का सौदा तय कर रकम ट्रांसफर करवाकर और अलग-अलग तिथियों में नगदी तथा जमीन संबंधी दस्तावेज तैयार करवाने के नाम पर कुल 13 लाख 20 हजार रुपए प्राप्त कर छलपूर्वक लेकर धोखाधड़ी व ठगी करने संबंधी शिकायत देने पर थाना भटगांव में आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 73/23 धारा 420, 34 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने पुराने लंबित मामले में फरार आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए थे। थाना भटगांव पुलिस के द्वारा मामले की विवेचना के दौरान प्रार्थी के बैंक खाता की जानकारी हासिल करते हुए आरोपी की पतासाजी के दौरान मुखबीर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी शाहबुद्दीन पिता रज्जाक उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम मरहट्टा, थाना प्रतापपुर को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी ने बटवारे की रकम को खर्च कर देना बताया है जिसे गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एसआई अश्वनी पाण्डेय, एएसआई लालचंद कुजूर, प्रधान आरक्षक पूरनचंद राजवाड़े, मनोज जायसवाल, विनोद प्रताप सिंह, संतोष जायसवाल व वाहिद हुसैन सक्रिय रहे।

### देश के उपराष्ट्रपति के अपमान के विरोध में भाजपा ने राहुल का पुतला फूंका

नारायणपुर । देश के उपराष्ट्रपति महामहिम जगदीप धनखड़ के अपमान के विरोध में भारतीय जनता पार्टी जिला नारायणपुर द्वारा




नगर के जयस्तंभ चौक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फुंका और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रुपसाय सलाम ने कहा की संसद से निलंबित विपक्षी सांसद संसद भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे उन्ही में से टीएमसी के एक सांसद कल्याण बेनर्जी ने उपराष्ट्रपति माननीय जगदीप धनखड की भददे व गंदे तरीके से नकल उतारी । कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहूल इस दौरान वीडियो बनाते रहे व उपराष्ट्रपति के अपमान में शामिल रहे जिसके कारण आज भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर भारतीय जनता पार्टी नारायणपुर ने राहूल गांधी व टीएमसी सांसद का पूतला दहन किया। राहुल गांधी का ऐसा कृत्य अशोभनीय व निंदनीय जिसकी जितनी भर्त्सना की जाए कम है इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन, मरण शील,संतनाथ उसेंडी,प्रताप मंडावी, अख्तर अली,पंकज जैन, जैकी कश्यप, अविनाश देवांगन, तेजप्रकाश अंगीरा,प्रीतेश जैन, तेनसिंह सिसोदिया, शैलेष साहू, राजेंद्र प्रजापति नरेन्द्र दुग्गा, पप्पू कुरेशी, उज्जवल सोनी , रीता मंडल, प्रमिला प्रधान, केसर निषाद, अनीता कुरेटी, बबीता , भगवती हलधर, शांति ठाकुर आदि उपस्थित रहे ।

### उज्जवला योजना से लाभान्वित हो रहे हैं हितग्राही ,अब तक 346 गैस कनेक्शन का हो चुका है वितरण

सूरजपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसमें केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए खाद्य अधिकारी श्री विजय किरन ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चलने वाला रथ जिले के जिस-जिस कार्यक्रम स्थल पर पहुंच रहा है, वहां उज्वला योजना के तहत कनेक्शन के लिये आवेदन लिए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक की स्थिति में शिविर में विभाग द्वारा 346 गैस कनेक्शन का वितरण किया जा चुका है।

# पीएम जनमन योजना की बैठक सम्पन्न

- योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में करें कार्य...कलेक्टर
- पीवीटीजी समुदाय के लोगों को लाभ दिलाने प्रभावी एवं समयबद्धता के साथ क्रियान्वयन के दिए निर्देश



मनेंद्रगढ़। आज जिला कार्यालय सभा कक्ष में कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा ने पीएम जनमन योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम.जनमन योजना) के अंतर्गत जिले में पीवीजीटी (विशेष रूप से कमजोर जनजातिय समूह) जिले में बैगा की सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर श्री दुग्गा ने जिले के चिन्हांकित सभी पीवीटीजी समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्ययोजना बनाकर सर्वे कराने तथा शिविर के माध्यम से कैंप लगाकर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने तथा सर्वे का प्रारूप बनाने के निर्देश दियेउन्होंने पीवीटीजी निवासरत गावों के सर्वे के समस्त संबंधित विभाग को दल गठित करने के पश्चात प्राप्त आंकड़ों के आधार पर चिन्हांकित लोगों का सर्वे कर उनको लाभान्वित करने पूरी तत्परता से कार्य करने तथा लोगों प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये। उन्होंने ईडीएम घनश्याम को जनमन योजना के अंतर्गत प्रगति की एंट्री आनलाईन पोर्टल में करने के निर्देश दिये जिसके के आधार पर सर्वे समीक्षा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाना है। पक्के घर का प्रावधान, संपर्क सड़के, नल से जल तथा समुदाय आधारित पेयजल, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावासों का निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषण, बहु उद्देशीय केन्द्रो का निर्माण, घरों का विद्युतीकरण ग्रिड तथा सोलर पावर के माध्यम से, वनधन केन्द्रों की स्थापना, इंटरनेट तथा मोबाईल सर्विस की उपलब्धता, आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास आदि।

सभी बसाहटों को उपरोक्त 11 गतिविधियों में आवश्यकतानुसार पूर्णतः आच्छादित किया जाना है। प्रधानमंत्री जनमन मिशन के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर बसाहटवार कार्य योजना तैयार किया जाना हैं।

इस हेतु प्रत्येक बसाहट में उपलब्ध सुविधाएं तथा आवश्यकता के आंकलन के आधार पर गैप चिन्हित कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना है। इस हेतु श्री दुग्गा ने तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

डाटा वेलिडेशन पीवीटीजी बसाहटों की पहचान और गैप के आधार पर आवश्यक कार्यवाही- पीएम आवास योजना ग्रामीण से सुरक्षित आवास, जल जीवन मिशन से स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, सर्व शिक्षा अभियान से शिक्षा के स्कूल तथा छात्रावास निर्माण, राष्ट्रीय स्वथ्य मिशन तथा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से स्वास्थ्य-मोबाईल मेडिकल युनिट की सुविधा, महिला बाल एवं विकास विभाग के माध्यम से पोषण एवं आंगनबाड़ी निर्माण, पीएमजीएसवाय योजना से संपर्क सड़कों का निर्माण, दूरसंचार संपर्क, पुनर्निर्मित वितरण क्षेत्र योजना से बिजली, बसाहटों के लिए सतत आजीविक मिशन वनधन विकास केन्द्र तथा बहुउद्देशीय केन्द्र की स्थापना किया जाना है।

## सांसदों के निलम्बन के खिलाफ कांग्रेसजनो ने किया धरना प्रदर्शन

सुरजपुर। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान हुए सांसदों के निलंबन के विरोध में आज ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े के नेतृत्व में अग्रसेन चौक सूरजपुर में पंडाल लगाकर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया जैसा कि ज्ञात हो तो संसद की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर विपक्षी सांसदों ने सदन में जमकर हंगामा किया जिसको देखते हूए सभापति की ओर से एक्शन लिया गया और 146 सांसदों को निलंबित कर दिया गया यह एक तरह से मोदी सरकार की रणनीति के तहत रची हुई साज़िश है कांग्रेस जनों ने आरोप लगाते हूए बताया कि सरकार कई विधेयकों को मनमानी ढंग से पारित करके लोकतंत्र का गला घोट रही है



सांसदों को निलंबित करके केन्द्र की भाजपा सरकार संसद को सत्ता पक्ष का कार्यालय बनाने का काम कर रही है

चुनाव आयोग जैसी संस्थानों को अपने कब्जे में लेकर मोदी सरकार ने संविधान,संसद और लोकतंत्र को भी खतरे में डाल दिया है इस भाजपा के राज में संसद,सरहद,सड़क एवं समाज कुछ भी सुरक्षित नहीं है कांग्रेस जनों ने इस मुद्दे में जमकर हल्ला बोला एवं धरना प्रदर्शन किया इस दौरान पूर्व प्रेमनगर विधायक खेलसाय सिंह,पूर्व भटगाँव विधायक पारस नाथ राजवाड़े,अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह,ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े,नगर पालिका अध्यक्ष के. के. अग्रवाल,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह,मनोज डालमिया,मुकेश अग्रवाल,संजय डोसी,प्रदीप राजवाड़े,सरिता सिंह,रामचन्द्र यादव, नरेन्द्र जैन,मेंहदी यादव, महेन्द्र साहू,गौतम कुशवाहा, नवीन जायसवाल, मो. ईदरिश, शिवभजन मरावी,कुसुमलता राजवाड़े, राजेश शर्मा,आकाश साहू,जगतलाल आयाम, आलोक साहू,सूरज गुप्ता, अविनाश यादव,दीपक कर, विनय गुप्ता,किशून सिंह, राजकुमार सिंह,आलोक सिंह, चंदा सिंह,रश्मि शर्मा,संगीता राजवाड़े,सुनीता खाखा,वीणा शर्मा,रंजू चौबे,परमेश्वर राजवाड़े,शक्ति ठाकुर एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दुकान से 40 बोरी धान की चोरी पुलिस ने 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

सूरजपुर। विगद दिनों ग्राम मानपुर खड़गवां निवासी सुदामा गिरी ने चौकी खड़गवां में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 दिसम्बर की रात्रि में मानपुर स्थित अपने किराना दुकान बंद करके अपने घर चला गया था दुकान खोलने आया तो देखा कि दुकान के कराकट शीट टूटा था अंदर जाकर देखा तो 40 बोरी धान को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। चौकी खड़गवां की पुलिस ने अज्ञात चोर की पतासाजी गहनता से करने के दौरान मुखबीर की सूचना पर नारद सिंह पिता संग्राम सिंह उम्र 22 वर्ष ग्राम मानपुर को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर बताया कि अपने साथी अजीत गुप्ता पिता शिवकुमार गुप्ता उम्र 26 वर्ष के साथ मिलकर धान चोरी कर पिकअप वाहन में



लोड़ कर ले गए और अपने हिस्से की धान से 15 हजार रुपए का नया मोबाईल खरीदी किया है। पुलिस ने अजीत गुप्ता को दबिश देकर पकड़ा। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का 20 बोरी धान, मोबाईल, पिकअप वाहन जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी खड़गवां बृजकिशोर पाण्डेय, एएसआई कृष्ण कुमार सिंह, प्रधान आरक्षक संजय यादव, आरक्षक मनोज राय, अनिल एक्का व राकेश सिदार सक्रिय रहे।

## पुलिस द्वारा निमार्णाधीन आक्सीजन पार्क में हुये अंधे कत्ल के आरोपियों को किया गिरफ्तार

दंतेवाड़ा किरंदुल । दिनांक 15.12.2023 को प्रातः प्राथर्थी साहदेव राना थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि करीचन 08.00 बजे प्रार्थी अपने अन्य मजदूर साथियों के साथ प्रतिदिन की तरह निमार्णाधीन आक्सीजन पार्क घड़ी चौक किरन्दुल मजदूरी करने आये जहां बने स्टोर में प्रार्थी व रेजा जयंती नाग अपना दोपहर का खाना रखने स्टोर में गये जहां मिस्त्री समत राम नाग अपने बिस्तर में चित हालत में पड़ा हुआ था उसके बायें गाल व कान के पास काफी गहरा चोट लगा हुआ था जिससे उसकी मृत्यु हो चुकी थी, समत राम नाग को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके गाल व कान में गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दिये थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना किरन्दुल में मर्ग क्रमांक 34/2023 चारा 174 जा०फौ० एवं अपराध क्रमांक 132/2023 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया



गया है। पुलिस अधीक्षक दन्तेवाडा गौरव राय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर. के. बर्मन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस किरन्दुल कपिल चन्द्रा के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश में थाना प्रभारी किरन्दुल प्रहलाद कुमार साहु के नेतृत्व में साहू, दीनानाथ चैष्णव, हेमन्त साहू सउनि. के. सीमाचलम, सोमारू कडत्ती प्र.आर. नरेश मंडल, आर. जोगा राम, अर्जुन ओयमी, ओमप्रकाश बेटटी की टीम गठित कर प्रकरण के अज्ञात आरोपी को धरपकड करने निर्देशित किया गया। उक्त टीम द्वारा टेक्निकल विश्लेषण और उउळश फुटेज के आधार पर हड़मा वट्टी निवासी फुलपाड थाना कुआकोंडा तथा साथी सोहन मानिकपुरी रामपुर कैम्प किरन्दुल को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर सोहनाजो पार्क बड़ी चौक किरन्दुल में मिस्त्री व रात में चौकीदारी का काम करता था जिसके द्वारा साईट से सामानों को गायब करने के आरोप पर काम से हटा कर मृतक समत राम को मिस्त्री व चौकीदारी के काम पर रखा गया था।

## निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मी हुए सम्मानित

- टीम वर्क से ही विधानसभा निर्वाचन सफल हुआ- कलेक्टर
- कड़ी मेहनत और जिम्मेदारी से किया हर काम सफल होता है-एसपी
- प्रत्येक कर्मी बेहतर योगदान दिए- सीईओ



कोरिया। जिला निर्वाचन कार्यालय, कोरिया द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 कार्य में बेहतर योगदान के लिए करीब 150 अधिकारियों कर्मचारियों का सम्मान के साथ प्रशास्ति-पत्र प्रदान किया गया। विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत आचार संहिता प्रभावशील होने के पश्चात जिले में निर्वाचन दायित्वों को बेहद जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने वाले अधिकारियों- कर्मचारियों सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी मास्टर ट्रेनर्स, माइक्रो ऑब्जरवर्स तथा छोटे से लेकर बड़े कार्यों में निर्वाचन कार्यों में सहयोग करने वाले कर्मचारियों के प्रति कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय लंगेह ने आभार प्रकट करने के साथ ही उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि सभी ने बड़ी मेहनत से काम किया है और निष्पक्षता तथा पारदर्शिता को भी बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाई। सबसे बड़ी चीज इस चुनाव में टीम वर्क रहा।उन्होंने सभी कर्मियों से आने वाले निर्वाचन में भी इसी टीम वर्क के साथ काम करने का आव्हान किया।

प्रशस्ति पत्र प्रदान के पश्चात श्री त्रिलोक बंसल ने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी निर्वाचन कार्य में कड़ी मेहनत और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन पूरा किया है।

सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि इसी तरह से आगामी चुनाव में भी सहयोग प्रदान करेंगे।जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों ने जिस लगन से प्रशिक्षण प्राप्त किए और बहुत ही गंभीरता के साथ सौंपे गए जवाबदेही को पूरा किए इसी कारण कोरिया में निर्वाचन बहुत ही शांतिपूर्वक ढंग व सफल पूर्वक चुनाव सम्पन्न हुए।

## जिला पंचायत सीईओ बिश्वरंजन ने किया स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा

- आयुष्मान कार्ड की अद्यतन प्रगति और हितग्राहियों को इसका लाभ देने के दिए निर्देश



दंतेवाड़ा। जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन द्वारा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली गई। मुख्य उद्देश्य विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत केन्द्रीय स्वास्थ्य सुविधाओं की अद्यतन प्रगति का जायजा लेकर संबंधितों को निर्देश दिया कि कोई भी हितग्राही योजनाओं से वंचित ना हो। और ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। इस समीक्षा बैठक में आयुष्मान भारत कार्ड की प्रक्रिया को सुधारने और अधिक लोगों को इसका लाभ प्राप्त करने में सहायक होने के लिए नए निर्देश के तहत आरसीएच पोर्टल के अंतर्गत योग दम्पति का पंजीयन, गर्भवती पंजीयन, एएनसी पंजीयन, शिशु पंजीयन, और टीकाकरण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा किया गया। यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि सभी आवश्यक दस्तावेज सही से भरे जा रहे हैं और नागरिकों को उनके अधिकार और योजनाओं के बारे में सही जानकारी मिल रही है। सिकल सेल अनीमिया, टीबी, और अन्य स्वास्थ्य संबंधित बीमारियों पर भी विमर्श करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं और सुरक्षा में सुधार के लिए नए कदमों का प्रस्तुतीकरण करते हुए स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती से नेतृत्व करने के लिए और सामुदायिक सशक्तिकरण के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

## 142 सांसद एवं राजयसभा सदस्यो के निलंबन को लेकर कांग्रेस ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

नारायणपुर । इंडिया एलायंस की बैठक मे देशव्यापी आंदोलन के लिये लिए गए निर्णयानुसार एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमेटी नारायणपुर के तत्वाधान मे नगर के बीच चौराहा जय स्तम्भ चौक मे विशाल एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया! मंच के माध्यम से कांग्रेस के वक्ताओ ने कहा आज देश मे दो भाजपा नेता के गलत रवैया की वजह से देश तानाशाही के दौर से गुजर रहा है, लगातार लोकतंत्र का गला घोटने का काम केंद्र की भाजपा सरकार लगातार कर रही है! सबसे सुरक्षित स्थान संसद भवन मे



जिस तरह से सांसदों पर हमला हुआ था उस हमले के बारे मे केंद्र सरकार से विपक्ष के सांसद बहस चाहते थे किन्तु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर सांसदो को के ऊपर निलंबन की कार्यवाही किया गया! आगे कांग्रेस वक्ताओ ने कहा की सांसदों के निलंबन के बाद मोदी सरकार मननमाने तरीके से आम जनताओं पर अपने मर्जी से तानाशाही बिल पास करेंगी जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ेगा!

कांग्रेस व्यक्तओ ने कहा देश का युवा आम जनता गरीब मजदूर सब इस तानाशाही भाजपा की मोदी सरकार को देख रहा है और चुप है ।

### 95 प्रतिशत हितग्राहियों का 25 जनवरी तक आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए निर्देशित किया

# लक्षित हितग्राहियों का 95 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

महासमुन्द । कलेक्टर मलिक ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहें स्वास्थ्य योजनाओं की व्यापक समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले में आयुष्मान कार्ड के लक्षित हितग्राहियों के अनुरूप 95 प्रतिशत हितग्राहियों का 25 जनवरी तक आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य विभाग स्टॉल लगाकर सिकल सेल, एनीमिया, टीबी व कुष्ठ रोग के मरीजों का स्क्रीनिंग करें। इसके लिए पर्याप्त टीम तैनात किए जाए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया, मेडिकल कॉलेज के सहायक अधीक्षक डॉ. घनश्याम साहू,



डीपीएम नीतू धृतलहरे, एवं सभी बीएमओ, समस्त नोडल अधिकारी व चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर प्रभात मलिक ने बैठक में पिथौरा में पोषण पुनर्वास केन्द्र खोलने के निर्देश दिए। ताकि कुपोषित बच्चों को जिला स्तर पर रिफर करने की आवश्यकता न पड़े। साथ ही कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के उन्नयन और मरम्मत का कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण करे। इसके लिए कार्य एजेंसी को निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि कीमोथेरेपी की सुविधा वर्तमान में मेडिकल कॉलेज एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगांव में संचालित है, इसे जिले के शेष स्वास्थ्य केन्द्रों में भी प्रारम्भ किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीजों का बेहतर इलाज हमारी पहली प्राथमिकता है। चिकित्सक मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएं।कलेक्टर ने तत्पश्चात जिले के मितानिन प्रशिक्षकों की बैठक ली। बैठक में उन्हेंने कहा कि कुपोषित बच्चों के आंकड़ों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन के रिकॉर्ड में अंतर न हो। प्रत्येक बच्चों का मिलान अवश्य करें। कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर पोषण पुनर्वास केन्द्र भेजें। उन्होंने मितानिनों को निर्देशित किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान 11 से 49 वर्षीय सभी महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच की जाए। इसके लिए अधिक से अधिक महिलाएं शिविर स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि टीकाकरण, एनीमिया, मोतियाबिंद, गर्भवती महिलाओं का अनिवार्य रूप से पंजीयन करें एवं उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आगामी 20 जनवरी को होने वाले बैठक में सभी मितानिन पंजीयन की जानकारी लेकर आएं। उन्होंने मितानिनों को प्रेरित करते हुए कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले मितानिनों का 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित भी किया जाएगा।



## वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन खेल-कूद शरीर और मन में ताजगी लाती हैं - डॉ. रश्मि सिंह

भानुप्रतापपुर। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में 21 दिसंबर से तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजार्चना कर किया गया। इस तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के पहले दिन में विभिन्न खेल-कूद का आयोजन किया गया है।शुभारंभ अवसर के मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में इस तरह के कलात्मक और सृजनात्मक कार्यक्रम का आयोजन होते रहना चाहिए। इससे बच्चों में विकास होता है।खेल-कूद शरीर और मन में ताजगी लाता है। इनसे मांसपेशियां सुगठित हो जाती हैं।मन की ऊब मिटाने और चित्त में प्रसन्नता लाने के लिए खेलों की जितनी भूमिका है उतनी शायद अन्य किसी चीज की नहीं। यही कारण है कि अलग- अलग समाज और देश में विभिन्न प्रकार के खेलों को पर्याप्त महत्त्व दिया जाता है। महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन इसी मकसद से किया जाता है। अंत मे उन्होंने छात्रों के सर्वांगीण विकास में खेलों के महत्व पर जोर दिया। विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ बालक वर्ग क्रिकेट का फाइनल मैच एमएससी और बीए(जेएमसी) टीम के मध्यम खेला गया है। जिसमें एमएससी की टीम ने पत्रकारिता के टीम को हराकर फाइनल मैच को अपने नाम किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में अब तक 02 लाख 86 हजार 251 मेट्रिक टन से अधिक धान की हुई खरीदी

बालोद । बालोद जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 196 किसानों ने धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 71 हजार 303 किसानों द्वारा कुल 02 लाख 86 हजार 251 मेट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 627 करोड़ 48 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 02 लाख 15 हजार 279 मेट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 01 लाख 72 हजार 723 मेट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 01 लाख 13 हजार 528 मेट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 5314 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 21,077 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में उज्जवला योजना से लाभान्वित हो रहे हैं हितग्राही

सूरजपुर । विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसमें केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए खाद्य अधिकारी विजय किरन ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चलने वाला रथ जिले के जिस-जिस कार्यक्रम स्थल पर पहुंच रहा है, वहां उज्ज्वला योजना के तहत कनेक्शन के लिये आवेदन लिए जा रहे हैं। उन्होंने वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए जानकारी दी कि अब तक की स्थिति में शिविर में विभाग द्वारा 346 गैस कनेक्शन का वितरण किया जा चुका है। जिसमें सूरजपुर और रामानुजनगर ब्लॉक के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 106 और 124 गैस कनेक्शन हितग्राहियों को वितरित किये गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में उज्ज्वला योजना के तहत दिये जा रहे हैं गैस कनेक्शन में राज्य स्तर पर सूरजपुर जिले का स्थान दूसरा है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना, अधूरे निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करें : कलेक्टर

उत्तर बस्तर कांकेर । कलेक्टर शुक्ला व जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार जनपद पंचायत कार्यालय अंतागढ़ के सभा कक्ष में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी विरेन्द्र जायसवाल द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत् ग्राम पंचायतों में वर्ष 2016-17 से वर्ष 2022-23 तक स्वीकृत 304 अप्रारंभ, प्रगतिरत एवं अपूर्ण आवासों की हितग्राहीवार समीक्षा की गई। साथ ही बंद पड़े आवास निर्माण के हितग्राहियों को कार्य प्रारंभ करने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के लिए ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अंतागढ़ सीईओ व्ही. एन. तिवारी सहित ब्लॉक स्तर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### अवैध रेत परिवहन 1 चेन माउंटेड फोकलेंड सहित 9 हाईवा जब्त

बलौदाबाजार । राज्य शासन के निर्देश पर जिले में अवैध रेत परिवहन के मामलों में तेज़ी से कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत खनन और भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। जिसमें 1 चेन माउंटेडफोकलेंड सहित 9 रेत से भरे हाईवा वाहन ज़ब्त किया गया हैं।जिला खनिज अधिकारी के के बंजारे ने बताया कि देर रात 12 से 3 बजे के बीच खनिज विभाग की ओर से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण के संबध में जांच की गई। जांच के दौरान लवन तहसील अंतर्गत ग्राम सुनसुनिया में महानदी क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन संलिप्त 1 चेन माउंटेडफोकलेंड मशीन टाटा हिताची चेचिस क्रमांक एसपी 21 62281 को जब्त कर सील कर दिया गया है।

## 120 वाहन की हुई नीलामी, आम लोगों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

- नीलामी प्रक्रिया में 3 हजार 8 सौ से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, 120 वाहनों के लिए कुल 53 लाख 2 हजार 5 सौ की लगाई गई बोली



**बलौदाबाजार।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के विभिन्न थाना एवं चौकी में आबकारी एक्ट एवं छ.ग.पशु परिरक्षण अधिनियम में जब्त वाहनों का माननीय न्यायालय द्वारा आदेश होने उपरांत शासन के पक्ष में राजसात करने के लिए आदेशित किया गया था। कलेक्टर चंदन कुमार के आदेशानुसार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में राजसात वाहनों की नीलामी के लिए विधिवत विज्ञापन जारी किया गया तथा उक्त नीलामी की सूचना बलौदाबाजार पुलिस फेसबुक सहित जिले के अन्य सोशल मीडिया माध्यम के माध्यम से भी प्रसारित की गई। जिसके लिए उक्त राजसात वाहनों की नीलामी प्रक्रिया का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित सिटी कोतवाली थाना परिसर में किया गया। नीलामी प्रक्रिया के लिए कलेक्टर द्वारा अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। साथ ही उक्त राजसात किए गए सभी वाहनों को आम लोगों के देखने के लिए पुलिस लाइन बलौदाबाजार परिसर में रखा गया था।जिले में इस प्रकार वाहनों की नीलामी प्रक्रिया पहली बार आयोजित की जा रही थी। राजसात किए गए वाहन बहुत ही अच्छी कंडीशन में एवं नए थे। आबकारी एक्ट के मामलों में कई वाहन सोल्ड व कुछ किमी.चले हुये थे, जिसे विधिवत कार्यवाही एवं जप्ती कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। इस प्रकार बहुत ही अच्छी स्थिति में दोपहिया एवं चार पहिया वाहन नीलामी के रूप में आमजनों के समक्ष प्रस्तुत हुए। जिसे लेने के लिए लोगों में एक प्रकार से होड़ लग गई थी।नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आम जनों के लिए दो पहिया वाहन हेतु 1 हजार रुपए व चार पहिया वाहन के लिए 2 हजार रुपए का डिमांड ड्राफ्ट की अनिवार्यता रखी गई थी। जिला परिवहन अधिकारी भूपेंद्र कुमार गावड़े, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र लुइस लकड़ा, लोक निर्माण विभाग विष्णु राम सूर्यवंशी व उषा ठाकुर रक्षित निरीक्षक बलौदाबाजार की 4 सदस्यीय कमेटी का गठन कर नीलामी प्रक्रिया की गई।

उक्त आयोजन में प्रधान आरक्षक प्रेम निषाद व पिंकी कुर्रे के माध्यम से नीलामी में बारी-बारी से 01 से लेकर 120 वाहनों के लिए खुली बोली लगाई गई, जिसमें 112 दो पहिया वाहन व 08 चार पहिया वाहन सहित कुल 120 वाहनों में कुल 3894 प्रतिभागियों द्वारा बोली लगाई गई। संपूर्ण प्रक्रिया में लोगो द्वारा कुल 53 लाख 2 हजार 5 सौ रुपए की बोली लगाई गई।नीलामी में सबसे बड़ी बोली के रूप में एक बोलेरो वाहन पर 6 लाख 10 हजार रुपए की बोली लगाई गई। नीलामी प्रक्रिया सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर देर रात 8 बजे तक लगातार चलती रही। जिसमें भारी उत्साह एवं जोश से लोग कडकडाती ठंड में भी बोली लगाने के लिए अड़े रहे। नीलामी प्रक्रिया पश्चात 62 वाहनों के खरीदारों से 23 लाख 24 हजार 450 रुपए की राशि तत्काल मौके पर ही प्राप्त हो गई है। नीलामी प्रक्रिया पश्चात उपस्थित आरटीओ अधिकारियों एवं सउनि अश्वनी पडवार द्वारा मौके पर ही वाहनों का समस्त कागजी कार्यवाही पूर्ण किया जा रहा था।

इस प्रकार जिला कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में सफलतापूर्वक प्रथम बार इस प्रकार नीलामी प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें नीलामी राशि के रूप में कुल 53 लाख 2 हजार 5 सौ रूपये की राशि राजस्व राशि के रूप में शासन के खाते में प्राप्त होगी।

## प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को किया जाएगा लाभान्वित



कांकेर । प्रधानमंत्री जनमन योजना का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उक्त योजना के तहत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने एवं उनके गांवों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु कार्ययोजना पर चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार उक्त योजना के तहत पीवीटीजी परिवारों को लाभान्वित करने हेतु घर-घर जाकर सर्वे किया जाना है, ताकि उनके परिवार का कोई भी सदस्य वंचित न हो सके।बैठक में एडीएम एस. अहिरवार ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति में उत्तरोत्तर सुधार करना है, ताकि उनका त्वरित गति से विकास सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही प्रत्येक परिवार को शासकीय योजना का लाभ मिल सके। बैठक में एडीएम अहिरवार ने अधिकारियों से विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के गांवों में सड़क, पक्का आवास, विद्युत, स्कूल, पेयजल, राशन, आंगनबाड़ी सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले के 13 गांवों में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह कमार के लगभग 72 परिवार निवासरत हैं, जिनका निर्धारित बिन्दुओं में सर्वे कर प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है।

## आवासों के निर्माण में लाएं तेजी -कलेक्टर दीपक

कोण्डागांव । प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश कलेक्टर दीपक सोनी ने दिए। सोमवार को जिला कार्यालय के भू तल में स्थित सभा कक्ष में आवास निर्माण के प्रगति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने यह निर्देश दिएकलेक्टर सोनी ने कहा कि आवासों का निर्माण शासन की प्राथमिकता में है तथा इसमें किसी भी प्रकार विलंब न करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही शासन द्वारा बड़ी संख्या में नए आवासों के निर्माण की स्वीकृति दी जाएगी और इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी रहें। उन्होंने सामग्री की सहज उपलब्धता के लिए स्थानीय व्यवसायियों के साथ ही स्वसहायता समूह के महिलाओं को भी प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

## विशेष पिछड़ी जनजाति के 30 परिवारों को केन्द्रीय योजनाओं से किया जाएगा लाभान्वित

बलौदाबाजार । जिला कार्यालय सभागार में कलेक्टर चंदन ने पीएम जनमन योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम.जनमन योजना) के अंर्तगत जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह कमार की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।कलेक्टर कुमार ने जिले के चिन्हांकित सभी पी.वी.टी.जी. समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने



मिशन मोड में कार्ययोजना बनाकर सर्वे कराने तथा शिविर के माध्यम से कैंप लगाकर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने तथा सर्वे का प्रारूप बनाने के लिए भी कहा। जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पी.वी.टी.जी निवासरत गावों के सर्वे के पश्चात प्राप्त आंकड़े के आधार पर चिन्हांकित लोगों को लाभान्वित करने पूरी तत्परता से कार्य करने संबंधित अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जनमन योजना के अंतर्गत प्रगति की एंट्री आनलाईन पोर्टल में भी की जाएगी और इसी के आधार पर समीक्षा की जाएगी। आदिवासी विकास विभाग के प्रभारी सहायक आयुक्त पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से जिले के कसडोल विकासखण्ड अंतर्गत 2 गांवों में निवासरत 30 परिवारों को शत प्रतिशत केन्द्रीय योजनाओं से लाभांवित किया जाएगा। जिसके तहत बल्दाकछार में 25 परिवार एवं औराई में 5 परिवार निवासरत है।

## पीएम जनमन योजना से होगा विशेष पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों का विकास : केन्द्रीय सचिव

### 54 बसाहटों में साढ़े 6 हजार है पीवीटीजी की आबादी

बिलासपुर । विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों (पीव्हीटीजी)के सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम जनमन योजना लांच की गई है। इससे पीवीटीजी परिवारों का त्वरित गति से विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा। केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के सचिव ने वीसी के जरिए योजना की जानकारी देकर समग्र विकास के लिए कार्य-योजना तैयार करने के निर्देश दिए। पीव्हीटीजी इलाकों में मूलभूत बुनियादी अधोसंरचनाएं विकसित करने के साथ ही हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाकर उनकी सामाजिक-आर्थिक स्तर को आगे बढ़ाना इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है।पीएम जनमन योजना के अंतर्गत उद्देश्य की प्राप्ति के लिए 9 केन्द्रीय मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों के क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जायेगा। इनमें पक्के घर का प्रावधान, संपर्क सड़क, नल से जल/समुदाय आधारित पेयजल, मोबाईल



मेडिकल यूनिट, छात्रावासों का निर्माण, आंगनबाड़ी केंन्द्रों के माध्यम से पोषण, बहु-उद्देश्यीय केन्द्रों का निर्माण, घरों में बिजली पहुंचाना, वनधन केन्द्रों की स्थापना, इन्टरनेट तथा मोबाईल सर्विस की उपलब्धता एवं आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास के काम किये जाने हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में पीवीटीजी के रूप में बैगा एवं बिरहोर आदिवासी आबाद है। इनकी 54 बसाहटें कोटा, मस्तुरी एवं तखतपुर ब्लॉक में हैं। लगभग साढ़े 6 हजार की आबादी 1808 परिवार के रूप में मौजूद हैं।

## बस्तर ब्लॉक के कोलचूर में ड्रोन के माध्यम से हुआ नैनो यूरिया का छिड़काव

जगदलपुर । जिले के बस्तर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोलचूर में ड्रोन के माध्यम नैनो यूरिया का छिड़काव किसानों की उपस्थिति में किया जा रहा है। किसानों को नयी तकनीक की जानकारी दी जा रही है। किसान प्रदर्शनी को देखने उत्साहित नजर आ रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत राज्य के सभी जिलों में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव खेतों में किया जा रहा है। साथ ही किसानों के खेतों में कृषि विभाग और भारत सरकार की कंपनी एनएफएल के संयुक्त तत्वावधान में डेमोंस्ट्रेशन किया जा रहा है।इस मौके पर किसानों को अवगत कराया गया कि ड्रोन से बेहतर दक्षता के साथ भूमि के बड़े रकबा में जल्दी और कुशलता से नैनो यूरिया का छिड़काव किया जा सकता है। इसका सार्थक लाभ यह होता है कि किसानों कम लागत लगेगी और खेतों में फसल की



पैदावार बेहतर होगी इसके साथ ही फसल स्वास्थ्य पर डेटा इकट्ठा करने के लिए ड्रोन का उपयोग किया जा सकता है। जिससे किसानों को उन क्षेत्रों की पहचान करने की अनुमति मिलती है, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। किसानों को कम लागत का भी लाभ मिलता है। ड्रोन खेत के उन क्षेत्रों को पहचान करके लागत कम करने में मदद कर सकते हैं, जिन पर ध्यान केन्द्रीत करने की जरूरत है। किसानों को खेत में छिड़काव करने के लिए अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ेगी इसके साथ ही कीटनाशकों और अन्य रसायनों का उपयोग को कम करना है। ड्रोन के उपयोग का लाभ कृषि कार्य के लिए घुलनशील रसायन एवं कीटनाशकों का छिड़काव हेतु किसानों को किराया मात्र 300 रूपए प्रति एकड़ वहन करना पड़ेगा। कृषि कार्य हेतु ड्रोन से छिड़काव की अवधि 3 से 7 मिनट प्रति एकड़ उपयोग किया जा सकता है। आवश्यकतानुसार कृषि कार्य हेतु ड्रोन को जीपीएस के माध्यम से सही जगह एवं दिशा में रखा जा सकता है, जिससे निर्धारित क्षेत्र में स्प्रे किया जा सकता है। कोलचूर में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव के दौरान संयुक्त संचालक कृषि ध्रुव और कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी मौजूद थे।

## 25 दिसम्बर को मनाया जाएगा सुशासन दिवस

जांजगीर-चांपा । कलेक्टर चौधरी ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में सुशासन दिवस व धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना की राशि के वितरण की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जिले के किसानों के बकाया धान बोनस की राशि के भुगतान की तैयारियों के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले में वर्ष 2014-15 में 53 हजार 106 और 2015-16 में 56 हजार 711 किसानों को धान बोनस राशि का पात्र किसानों को 25 दिसंबर को राष्ट्रीय सुशासन दिवस के अवसर पर वितरण किया जाएगा।कलेक्टर ने जिले में समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में आगामी 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले सुशासन दिवस की तैयारियां और दो वर्ष के बकाया धान बोनस राशि वितरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि सुशासन दिवसके अवसर पर अटल चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन पश्चात उपस्थित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा नगरीय निकायों में सुशासन स्थापित करने का संकल्प, नगरीय निकाय में अटल की कविता पाठ, अटल विचार संगोष्ठी, निबंध स्पर्धा आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार



### ठंड से बचने जिले के नगरीय निकायों में किया गया अलाव की व्यवस्था

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में बढ़ते ठंड को दृष्टिगत रखते हुए जिले के नगरीय निकायों में अलाव की व्यवस्था की गई है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश पांडेय ने सारंगढ़ नगरपालिका में, सीएमओ मनीष गायकवाड़ ने नगर पंचायत बिलाईगढ़ में, सीएमओ मधुलिका ने भटगांव में, सीएमओ माजिद खान ने सरिया में और सीएमओ अनिल सोनवानी ने बरमकेला के कई स्थानों में ठंड से लोगों को बचने के लिए आग जलाकर अलाव की व्यवस्था किया है।

### सार्वजनिक जगहो पर शराब पीने/पिलाने वालो के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर की गई कार्यवाही

जांजगीर-चांपा। जिले में ढाबा, होटल में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और पिलाने वालो के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर जिला पुलिस ने 9 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की हैं।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला पुलिस द्वारा ढाबा, होटल में सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने एवं पीलाने के विरूद्ध कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया गया अभियान के तहत थाना नवागढ़ में 02 आरोपी के विरूद्ध, थाना चाम्पा में 03 आरोपियों के विरुद्ध, थाना सारागांव में 01 आरोपी के विरूद्ध, थाना जांजगीर में 03 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। जिले के राठौर ढ़ाबा सिवनी मोड सिवनी, देशी ढाबा मेन रोड सिवनी, आनन्द ढाबा अफरीद, चिन्टु ढाबा तिलई, सम्राट ढाबा बनारी, के.के. ढाबा कोरबा रोड सिवनी, कश्यप होटल नवापारा में शराब पीते पायें जाने पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। आरोपियों के विरूद्ध धारा 36 सी आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। जिसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। उपरोक्त कार्यवाही में एसडीओपी चांपा यदुमणी सिदार, एसडीओपी जांजगीर प्रदीप कुमार सोरी, निरी. मनीष परिहार थाना प्रभारी चाम्पा, निरी. उमेश वैष्णव थाना प्रभारी जांजगीर, निरी. कमलेश सेण्डे थाना प्रभारी नवागढ, उपनिरी. सत्यम चौहान थाना प्रभारी सारागांव का सराहनिय योगदान रहा।

### कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने की धान खरीदी केंद्रो का आकस्मिक निरीक्षण

**जांजगीर चांपा।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने सारंगढ़ विकासखंड के धान खरीदी केंद्र कोतरी और हरदी का आकस्मिक निरीक्षण किया। डॉ सिद्दीकी ने धान को छूकर धान की जानकारी ली। इसके साथ ही साथ नमी मापक यंत्र से बोरों के धानो का नमी जांच की। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों के सहायक प्रबंधकों को कहा कि



शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार धान खरीदी कार्य करें। इस अवसर पर एसडीएम मोनिका वर्मा, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव,सहकारिता विभाग के सहायक पंजीयक व्यास नारायण साहू, अपेक्स बैंक के अधिकारी, खाद्य निरीक्षक, ईश्वर साहू सहित किसान उपस्थित थे।

### धान उपार्जन केंद्रो हेतु नोडल अधिकारी ने जांच दल किया नियुक्त

**सारंगढ़** । छग शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के आदेशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023 - 24 में समर्थन मूल्य पर ध्यान उपार्जन राज्य के पंजीकृत किसानों से किया जाना है । जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के संपूर्ण धान उपार्जन केंद्रों में धान एवं मक्का उत्पादन के संपूर्ण कार्य हेतु श्री प्रकाश कुमार भारद्वाज संयुक्त कलेक्टर को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी ,आकस्मिक जिला भ्रमण करेंगे । जिला कलेक्टर डॉ सिद्दकी द्वारा कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के अनुविभाग सारंगढ़, बिलाईगढ़ और बरमकेला के लिए जांच दल नियुक्त किए हैं । जांच दल द्वारा समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन अवधि के दौरान अवांछित व्यक्तियों द्वारा पंजीकृत किसानों की धान के रकबें में बेंचने का प्रयास किया जा सकता है । उल्लेखनीय है कि - राज्य शासन द्वारा प्रदेश के किसानों द्वारा राज्य में उत्पादित धान का समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जाता है एवं इसके लिए योजना अनुसार राशि, बारदाना इत्यादि की व्यवस्था की जाती है ।

अवांछित व्यक्तियों द्वारा अन्य राज्यों से धान लाकर प्रदेश के खरीदी केंद्रों में खपाने के प्रयास किए जाने से धान खरीदी व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है । इसके अतिरिक्त गांव एवं शहरी इलाकों में कोचियों एवं विचौलियों के द्वारा चिल्हर रूप से धान खरीदी कर समिति में पंजीकृत किसान के धान के रकबे में बेचने के प्रयास किए जाने की संभावना बनी रहती है । इस बात को ध्यान में रखते हुए नोडल अधिकारी प्रकाश भारद्वाज के द्वारा निगरानी रखने हेतु जांच दल का गठन किये है ।जिला कलेक्टर डॉ सिद्दकी के आदेश पर सारंगढ़, बरमकेला एवं बिलाईगढ़ के लिए जांच दल का गठन किया गया हैं ।

# ग्रामीण उत्साहपूर्वक हो रहे शामिल, पात्र हितग्राही को मिल रहा लाभ

जांजगीर-चांपा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन आज जिले के बम्हनीडीह जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पुछेली, खपरीडीह, अकलतरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत तरौद, रोगदा, बलौदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत जूनाडीह, महुदा ब, पामगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बोरसी, जेवरा, नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत दर्री, घुठिया में पहुंचा और अधिकारियों-कर्मचारियों ने ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक सहित विभिन्न विभागों के द्वारा कार्यक्रम में स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ह्यह्यमेरी कहानी मेरी जुबानीह्यह्य के तहत हितग्राहियों ने योजनाओं के माध्यम से हुए उनके जीवन परिवर्तन की अपनी कहानी को आम ग्रामीणों के साथ साझा किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश जन-




जन तक पहुंचाने हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आयोजन किया जा रहा है। उपस्थित सभी लोगों द्वारा विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज इन ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी - विकसित भारत संकल्प यात्रा 21 दिसम्बर को जिले के अकलतरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बनाहिल, किरारी, बलौदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पनोरा, बुड़गहन, नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत महंत, अमोरा और खैरा में आयोजित किया जाएगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा बांसउरकुली, सिलयारी, कपिस्दा-अ, कंडोला और सुखापाली में संपन्न

**सारंगढ़ बिलाईगढ़.** जिले के तीनों विकासखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सारंगढ़ ब्लाक के ग्राम सिलयारी और कपिस्दा-अ, बरमकेला के ग्राम कंडोला और सुखापाली में किया गया। सारंगढ़ ब्लॉक में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक केराबाई मनहर थीं। बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम बांसउरकुली में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों में सुभाष जालान, द्वारिका साहू, धनेश साहू, भरत लाल साहू, गिरवर निराला, सतीश रात्रे, देवानांद मार्कण्डेय, हेतराम साहू, रथ बाई देवांगन, सुकदेव साहू, गणेशी राकेश, जय सिंह नाग,




नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, सीईओ योगेश्वरी बर्मन आदि उपस्थित थे। जिले के पांचों गांव में आयोजित कार्यक्रम में भारी भीड़ थी, जिनकों विभागीय चेकअप, सहायता, सुझाव, आवेदन, बीमा, रजिस्ट्रेशन आदि सुविधाएं प्रदान की गई। इस विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में वाहन के स्वागत, उत्सव, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के रिकार्डेड संदेश प्रसारण, शपथ, मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत हितग्राहियों के अनुभव साझा, कृषि गतिविधियां अंतर्गत ड्रोन का प्रदर्शन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसानों से जैविक खेती पर बातचीत, ऑन स्पाट क्विज, स्कूली बच्चों और महिला सदस्यों द्वारा धरती कहें पुकार के और स्वच्छता गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और ऑन स्पॉट सेवाएं जिसमें स्वास्थ्य शिविर, टीबी परीक्षण, जनजातीय क्षेत्रों में सिकलसेल एनीमिया परीक्षण, पीएम उज्ज्वला नवीन पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड पंजीयन, आधार अपडेशन किया गया।

# किसान स्कूल में 23 दिसम्बर को मनाया जाएगा राष्ट्रीय किसान दिवस




**जांजगीर-चाम्पा।** किसान स्कूल बहेराडीह में राष्ट्रीय किसान दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर किसान स्कूल परिवार द्वारा कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 9 प्रगतिशील किसानों का सम्मान किया जायेगा, वहीं विलुप्त चीजों कों सहेजने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले और किसान स्कूल द्वारा चलाए जा रहे पुरखा के सुरता अभियान में शामिल 9 प्रगतिशील किसानों और इलेक्ट्रॉनिक मिडिया, प्रिंट मिडिया तथा वेब मिडिया से 9 पत्रकार का सम्मान किया जायेगा।इस सम्बन्ध में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी 23 दिसंबर, शनिवार को दोपहर 1 बजे राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया जाएगा 'एसपी विजय अग्रवाल करेंगे बातचीत किसानों से- धान खरीदी प्रारम्भ हो चुकी है और किसान बड़ी संख्या में बैंको में अपनी साल भर की मेहनत की रकम आहरित करने जाते हैं और उसी मौके का लाभ उठाकर कुछ उठाईगीर सक्रिय होकर उनकी सालभर की गाढ़ी कमाई को चोरी कर लेते हैं। साथ ही, साइबर फ्राड भी बैंको से पैसों को ठगी कर निकाल लेते हैं। ऐसी परिस्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर किसान स्कूल बहेराडीह में आयोजित कार्यक्रम में किसानों से पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल विशेष रूप से बातचीत करेंगे।

# आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। अकलतरा पुलिस ने युवक के फांसी लगाकर आत्महत्या के मामले में मर्ग जांच पर युवक को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राकेश कुमार यादव 29 वर्ष निवासी सिरगिट्टी बिलासपुर ने दिनांक 09.11.23 को रेलवे कालोनी अकलतरा में फांसी लगाकर आत्म की थी। जिसकी सूचना पर थाना अकलतरा में मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। मृतक का पीएम कराया गया मर्ग जांच के दौरान घटना स्थल से



सुसाइडल नोट बरामद किया गया, सुसाइडल नोट के आधार पर मृतक के परिजनो से कथन लिया, पुनीराम उर्फ राम यादव, लक्ष्मण यादव, लक्ष्मी उर्फ बिट्ठू यादव एवं कृष्णा बाई यादव सभी निवासी देवरीखुर्द थाना तोरवा जिला बिलासपुर के द्वारा मृतक को शादी करने के लिए दबाव बनाते थे, राकेश कुमार यादव शादी करने के लिए मना करता था फिर भी आरोपियों के द्वारा बार-बार उसे प्रताड़ित करते थे। जिसके कारण राकेश कुमार यादव ने प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर आत्म हत्या करना पाये जाने पर आरोपियों के विरूद्ध थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 630/2023 धारा 360, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी पुनी राम उर्फ राम यादव उम्र 36 वर्ष, लक्ष्मण यादव उम्र 28 वर्ष, लक्ष्मी उर्फ बिट्ठू यादव उम्र 28 वर्ष और कृष्णा बाई यादव उम्र 60 वर्ष से घटना के संबंध में पूछताछ में किया गया।

# मुख्यमंत्री साय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ली कलेक्टरों की बैठक

सारंगढ़ बिलाईगढ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शाम 4.30 बजे कलेक्टरों की वीसी बैठक ली। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राष्ट्रीय सुशासन दिवस 25 दिसंबर के अवसर पर धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना अंतर्गत किसानों को वित्तीय वर्ष 2014-15 और 2015-16 के लंबित राशि का वितरण किया जाएगा। सभी अधिकारी जनता के लिए साफ-सफाई और कानून के अनुसार अच्छा कार्य करें। कोरोना की नवीन प्रकरण पर गाइडलाइन के अनुसार सभी कलेक्टर आवश्यक व्यवस्था करें। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण




साव ने कहा कि जनता की छोटी-छोटी जरूरतों, मांगों के अनुरूप सजग प्रहरी की तरह कार्य करें। हमारा छत्तीसगढ़ की अपनी अलग प्रशासनिक व्यवस्था है। इस व्यवस्था से हम छत्तीसगढ़ में अच्छा कार्य कर सकते हैं। प्रशासनिक अमला नई ऊर्जा के साथ काम करें। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि आगामी 25 दिवस को सुशासन दिवस और 26 दिसंबर वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। इनके साथ ही साथ कोरोना के संक्रमण की रोकथाम के लिए कार्य करें। इस अवसर पर वीसी में रायपुर से मुख्य सचिव अमिताभ जैन, कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, सीएमएचओ डॉ. एफ.आर. निराला, सीएमओ राजेश पांडेय, मधुलिका, मनीष गायकवाड़, अनिल सोनवानी, मनीष गायकवाड, डीपीएम एन.एल. इजारदार उपस्थित थे।

# उज्जवला योजना ने दिया कुमारी देवी को आराम, झटपट बन जाता है घर का खाना

## मिला धुंआ से छुटकारा, नहीं होती अब आंखों में जलन

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री उज्जवला योजना महिलाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना में गरीब महिलाओं को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन दिये जा रहे हैं। घरेलू रसोई गैस मिल जाने से महिलाओं को भोजन बनाने में सहूलियत होने लगी है। पहले चूल्हे पर भोजन बनाने में लकड़ी व कंडों को जलाना पड़ता था जिससे चूल्हे से बहुत धुंआ निकलता था, इससे महिलाओं की आंखों में जलन होती थी और भोजन बनाने में भी दिक्कत होती थी। लेकिन अब विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से कुमारी देवी जैसी महिलाओं की यह चिंता दूर हो रही है। जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत पुटपुरा



में रहती है कुमारी देवी यादव। वह सुबह से लेकर शाम तक चुल्हे पर खाना बनाने मे ही लगी रहती थी। जिससे उनका बहुत समय यूहीं बरबाद हो जाता था, तो वहीं दूसरी ओर चुल्हे से उठने वाले धुएं उनकी आंख को कमजोर कर रहा था। यही नहीं धुंए से उनके घर की रंगत भी धीरे-धीरे खराब हो रही थी। इन सब परेशानियों से जुझती हुई कुमारी देवी यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाले गैस कनेक्शन को लेकर आवेदन दिया था। आवेदन उपरांत उन्हें योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की सूची में शामिल किया गया और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया। ग्राम पंचायत पुटपुरा की निवासी कुमारी देवी यादव बताती हैं कि सरकार की उनकी जो तमन्ना थी वह इस कार्यक्रम के माध्यम से पूरी हो गई। वह सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना को महिलाओं के लिए बहुत अच्छी बताती है। उनका कहना है कि इस योजना से महिलाओं को धुंआ से छुटकारा मिला है, पहले जहां चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी इकट्ठी करने की चिंता करनी पड़ती थी। धुंआ आंखों में चला जाता था और आंखों में जलन होती थी। अब गैस मिल जाने से आंखों में बहुत आराम है और भोजन भी अच्छे से और समय पर बन जाता है। उन्होंने सरकार की हितैषी योजना के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है।

# विष्णुदेव साय कैबिनेट ने लिया आकार,राज्यपाल ने दिलाई शपथ

**रायपुर**

दक्षिण से विधायक बृजमोहन अग्रवाल आठवी बार के विधायक हैं. वह अविभाजित मध्यप्रदेश में पटवा सरकार में मंत्री रहे, इसके बाद रमन सरकार के तीनों कार्यकाल में मंत्री रहे हैं. इस चुनाव में उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी महंत रामसुंदर दास को रिकार्ड 67,919 मतों के अंतर से हराया. बृजमोहन अग्रवाल अविभाजित मध्य प्रदेश में भी भाजपा सरकार में मंत्री का पद संभाल चुके हैं. मध्य प्रदेश विधानसभा द्वारा उन्हें सर्वश्रेष्ठ विधायक का पुरस्कार भी प्रदान किया गया है.बृजमोहन अग्रवाल का जन्म एक मई 1959 को रायपुर में हुआ था. कामर्स व आर्ट्स दोनों विषय से पोस्ट ग्रेजुएशन करने वाले बृजमोहन अग्रवाल ने एलएलबी की डिग्री भी ली है. अग्रवाल ने मात्र 16 साल की उम्र में ही 1977 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सदस्यता ले ली थी. वर्ष 1981 और 1982 के दौरान वे छात्रसंघ के अध्यक्ष भी रहे. 1984 में वे भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बने. 1988 से 1990 तक वे भाजयुमो के युवा मंत्री भी रहे. 1990 में वे पहली बार मध्यप्रदेश विधानसभा में विधायक चुनकर आए. वे राज्य के सबसे युवा एमएलए थे. इसके बाद से 1993, 1998, 2003, 2008, 2013, 2018 और 2023 में वे विधायक चुने गए.



### लंबे राजनीतिक अनुभव के धनी केदार कश्यप



कद्दावार आदिवासी नेता और पूर्व सांसद स्व. बलीराम कश्यप के बेटे केदार कश्यप का जन्म पांच नवंबर 1974 को हुआ था. बस्तर के भानपुरी स्थित ग्राम फरसागुड़ा के रहने वाले केदार कश्यप भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भी रहे. बस्तर ब्लॉक में जनपद सदस्य रह चुके केदार कश्यप 2003 में पहली बार विधायक निर्वाचित हुए. 2008 में दूसरी एवं 2013 में तीसरी बार विधायक निर्वाचित हुए.2003 में केदार कश्यप पहली बार विधायक निर्वाचित हुए. पहली बार विधायक निर्वाचित होने के साथ ही वे राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के स्वतंत्र प्रभार में रहे. 2008 में विधायक निर्वाचित होने के बाद आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री रहे. 2013 में जीत हासिल करने के बाद मंत्री आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास स्कूल शिक्षा विभाग के मंत्री बने.

### लखनलाल देवांगन बने मंत्री

कोरबा विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक बने लखनलाल देवांगन पहली बार मंत्री बने हैं. कोरबा के कोहडिया में रहने वाले लखनलाल ने अपनी राजनीतिक सफर की शुरुआत पार्षद पद से की थी. वर्ष 2005 में पहली बार कोरबा नगर निगम के महापौर के रूप में चुने गए थे. देवांगन ने 2013 चुनाव में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बोधराम कंबर को हराकर कटघोरा से विधायक बने. इस दौरान डॉ. रमन सिंह की सरकार में संसदीय सचिव (राज्य मंत्री रैक) बने. वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में हार गए. इसके बाद वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में लखनलाल देवांगन कोरबा विधानसभा से चुनाव लड़ा और तीन बार के विधायक व राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल को परास्त किया.



### रामविचार नेताम को फिर मिला मंत्री पद

छठवीं बार विधायक निर्वाचित हुए भाजपा के कद्दावर नेता रामविचार नेताम को विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल में स्थान दिया गया है. रामविचार नेताम राज्यसभा के सदस्य और भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके है. बलरामपुर के ग्राम सनावल निवासी रामविचार नेताम को पार्टी ने रामानुजगंज विधानसभा सीट पर चुनाव मैदान में उतारा था. उन्होंने कांग्रेस के डा. अजय तिर्की को पराजित कर लगातार छठवीं बार विधायक बने हैं. केवल रामविचार नेताम ही नहीं, बल्कि उनका पूरा परिवार राजनीति में सक्रिय है. उनकी पुत्री निशा नेताम जिला पंचायत बलरामपुर की अध्यक्ष तथा धर्मपत्नी पुष्पा नेताम जिला पंचायत सदस्य है. पुष्पा नेताम अविभाजित सरगुजा जिला पंचायत की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं.



### लक्ष्मी को मिला मंत्री पद

सरगुजा संभाग और सूरजपुर जिले के भटगांव विधानसभा क्षेत्र से लक्ष्मी राजवाड़े पहली बार विधायक निर्वाचित हुई है, और अब वह मंत्री बनी हैं. सूरजपुर जिले के भैयाथान विकासखंड अंतर्गत ग्राम वीरपुर की लक्ष्मी राजवाड़े पहली बार जनपद सदस्य के पद पर निर्वाचित हुई थीं. पिछले पंचायत चुनाव में उन्होंने जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी जीता था. वर्तमान में जिला पंचायत सूरजपुर के सदस्य के अलावा वे भाजपा महिला मोर्चा सूरजपुर की जिला अध्यक्ष भी हैं. भाजपा संगठन में आरंभ से ही सक्रिय लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने पहले ही चुनाव में दो बार के विधायक कांग्रेस के पारसनाथ राजवाड़े को 43 हजार से अधिक मतों से पराजित किया है. लक्ष्मी राजवाड़े को संगठन में सक्रियता की वजह से पार्टी ने प्रत्याशी बनाया था, और अब विधायक निर्वाचित होने के बाद मंत्री पद की बड़ी जबाबदारी दी जा रही है.



### दूसरी बार के विधायक हैं श्याम बिहारी

विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल का हिस्सा बने श्याम बिहारी जायसवाल सरगुजा संभाग के मनेन्द्रगढ़ विधानसभा से दूसरी बार विधायक निर्वाचित हुए हैं. अविभाजित कोरिया जिले में भाजपा के बड़े चेहरे श्याम बिहारी जायसवाल पूर्व में जनपद पंचायत खड़गवां के अध्यक्ष भी रह चुके है. भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रह चुके जायसवाल ने वर्ष 2013 के चुनाव में पहली बार विधायक निर्वाचित हुए थे. 2018 के चुनाव में उन्हें कम अंतर से हार का सामना करना पड़ा था. इस बार उन्होंने कांग्रेस के रमेश सिंह को पराजित कर पिछली हार का मलाल दूर कर दिया है. विपक्ष के समय भी पांच वर्षों तक भाजपा संगठन से जुड़कर कार्य करते रहे.



### आइएएस के बाद अब मंत्री बने ओपी चौधरी

चुनाव प्रचार के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व आईएएस ओपी चौधरी को बड़ा आदमी बनाने का वादा किया था. विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल में स्थान मिलने के साथ शाह का वादा पूरा हो गया है. 2005 बैच के अधिकारी ओपी चौधरी केवल 22 साल में आइएएस बने और 36 साल की उम्र में 2018 में रायपुर कलेक्टर रहते हुए नौकरी छोड़ी थी. उसी साल भाजपा में प्रवेश कर खरसिया विधानसभा सीट से चुनाव लड़े थे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. दो जून 1981 को मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे ओपी के पिता दीनानाथ चौधरी एक शिक्षक थे. जब ओपी दूसरी कक्षा में पढ़ रहे थे, तब उनके पिता का देहांत हो गया था.ओपी चौधरी ने अपनी शुरुआती स्कूली शिक्षा अपने पैतृक गांव ब्यांग से ही पूरी की. खपरैल के स्कूल में ओपी चौधरी ने पढ़ाई की. इसके बाद हायर सेकेंडरी की शिक्षा में पर्याप्त शिक्षक नहीं होने से ओपी चौधरी ने स्वयं ही अपनी पढ़ाई पूरी की. स्कूली शिक्षा के बाद उन्होंने भिलाई से बीएससी की. पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से गणित, भौतिकी और इलेक्ट्रानिक्स में स्नातक की पढ़ाई पूरी की और फिर सिविल सर्विस की तैयारी में जुट गए. पहले ही प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में उनका चयन हुआ.



### पूर्व मंत्री दयाल दास को फिर मौका

विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल का हिस्सा बने अनुसूचित जाति से जुड़े दयालदास बघेल ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत सरपंच के पद से की. दयालदास बघेल वर्ष 2003 में वे नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक निर्वाचित हुए. इसके बाद वर्ष 2008 एवं 2013 में भी विधायक चुने गए. वर्ष 2008 में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष भी रहे. रमन सिंह सरकार में वाणिज्य, उद्योग, सहकारिता संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री रहे बघेल को वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था.वर्ष 2023 में शानदार वापसी करते हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी गुरु रुद्र कुमार को पराजित किया. दयालदास बघेल का जन्म एक जुलाई 1954 को ग्राम कुंरा में हुआ. उनके दो पुत्र और चार पुत्रियां हैं.



### शिक्षक से अब मंत्री होंगे टंकराम वर्मा

विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल का हिस्सा बने बलौदाबाजार से भाजपा विधायक टंकराम दर्मा ने एलएलबी किया है. टंकराम पिछले 30 वर्षों से सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय हैं. विधायक बनने से पहले वे बलौदा बाजार जिला ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष थे. क्षेत्र में रामायण व भागवत कथा करवाने के नाम से टंकराम वर्मा को ख्याति मिली हुई है. कुर्मी समाज से आने वाले टंकराम वर्मा ने पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ते हुए कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी को 14 हजार से अधिक मतों से हराया है.





# हिस्ट्रीशीटर रवि साहू के खिलाफ की गई जिला बदर की कार्रवाई

**रायपुर**

हिस्ट्रीशीटर रवि साहू के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई है. इस संबंध में कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे ने आदेश किया है. वहीं अन्य बदमाशों पर भी जल्द कार्रवाई हो सकती है.दरअसल, अपराधों पर लगाम कसने और अपराधियों पर नियंत्रण रखने के मद्देजनर थाना कोतवाली रायपुर के हिस्ट्रीशीटर रवि साहू (गांधी नगर, कालीबाड़ी, थाना सिटी कोतवाली) के विरूद्ध राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत धारा 5 (क) और (ख) के तहत जिला बदर का प्रकरण तैयार जिला दण्डाधिकारी रायपुर की ओर प्रस्तुत किया गया था. जिस पर जिला दण्डाधिकारी रायपुर द्वारा रवि साहू के विरूद्ध जिला बदर आदेश पारित किया गया है. रवि साहू को रायपुर और रायपुर के सरहदी जिलों में रहने, आने-जाने की मनाही होगी. रवि साहू थाना कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है. जिसके खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, जुआ/सट्टा एक्ट, आर्म्स एक्ट, नारकोटिक एक्ट, नकबजनी, चोरी, मारपीट सहित अन्य विभिन्न मामलों के 56 प्रकरण थानों में दर्ज है. रवि साहू के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के 23 प्रकरण भी दर्ज हैं. इस तरह रवि के खिलाफ कुल 79 मामले दर्ज हैं.

# मोदी की गारंटी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : ओपी चौधरी

**रायपुर**

राजभवन में आज मंत्री पद की शपथ लेने के बाद पूर्व आईएएस रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने अपने आईएएस से राजनीति में आने तक की सफर को लल्लूराम डॉट काम के साथ साझा किया. उन्होंने बातचीत में बताया कि मोदी की गारंटी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी. माफिया राज से मुक्ति दिलाना भी हमारी प्राथमिकता होगी.उन्होंने बताया कि जीवन के हर हिस्से पर इंज्वाय किया. अच्छे से पढ़ा फिर संघर्षों के साथ दिल्ली में आईएएस की तैयारी की. इसके बाद 13 साल तक आईएएस रहा. ईश्वर का शुक्रगुजार हूं कि मुझे छत्तीसगढ़ में काम करने का मौका मिला. अब राजनीति में आकर काम कर रहा हूं. मंत्री पद को दायित्व बोध से देखता हूं. मोदी की गारंटी को पूरा करना एक बड़ी चुनौती होगी. इस पर ओपी चौधरी ने कहा, पांच साल में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को खोखला किया है. बहुत बड़ा बोझ छत्तीसगढ़ पर लाद दिया गया है. बेहतर वित्तीय प्रबंधन के साथ छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएंगे. मोदी के सारे गारंटी को पूरा करेंगे. पीएससी के मामले में मंत्री चौधरी ने कहा, जो गलत है उसे ठीक करेंगे. जो दोषी है उसको सजा दिलाएंगे. सदन में भी इस मुद्दे को उठाया. आगे भर्ती पारदर्शिता के साथ हो, यह सुनिश्चित करेंगे. युवाओं को कैरियर गाइडेंस देने का काम करेंगे. मोदी की गारंटी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी. माफिया राज से मुक्ति दिलाना भी हमारी प्राथमिकता होगी.

# गौ वंश की कटिंग और बिक्री करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार**

राज्य में सत्ता बदलते ही प्रशासनिक कार्यवाही भी बदलने लगी है. इसका ताजा उदाहरण अवैध रूप से चखना सेंटर चलाने वाले, मांस बिक्री करने वाले तथा अवैध अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही के साथ अब बलौदाबाजार जिला पुलिस ने सिमगा थाना क्षेत्र में गौ वंशो की कटिंग व उसका मांस बिक्री करने वालों पर कार्यवाही की है.सिमगा थाना क्षेत्र के गणेशपुर व विश्रामपुर मे गौ वंशो की कटिंग कर मांस बेचने व अन्य राज्यों में तस्करी करने का बड़ा मामला सामने आया है. पुख्ता सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने विशेष टीम बनाकर दबिश दी, जहां से बड़ी मात्रा में गौवंश के मांस के टुकड़े मांस काटने के औजार सहित गाय पकड़ा गया. वहीं दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है तथा अन्य फरार आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है.घटना पर जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने बताया कि सिमगा थाना क्षेत्र के गणेशपुर व विश्रामपुर में गौ वंशो की कटिंग व मांस बिक्री की जानकारी मिलने पर सिमगा थाना पुलिस व पुलिस लाईन से अलग टीम बनाकर दबिश दी गई. इसके बाद घटना स्थल से गौवंश के कटे हुए अंगों के साथ मांस मिले हैं, जिस पर कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों याकुब मसीह व योहान मसीह निवासी गणेशपुर को गिरफ्तार किया गया. वही मांस बिक्री में अन्य राज्यों के आरोपी भी संलिप्त होने की जानकारी मिली है. इस कार्य में संलिप्त अन्य लोगों की भी शीघ्र गिरफ्तारी किया जाएगा.



# प्रदेश के नवनियुक्त मंत्रियों को फेडरेशन ने दी शुभकामनाएं

**रायपुर**

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के नवनियुक्त मंत्रियों को शुभकामनाएं दी है. फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि विगत दिनों सीएम विष्णु देव साय से भेंटकर छत्तीसगढ़ राज्य का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी. उन्होंने डॉ. रमन सिंह को सर्वसम्मति से विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रदेश के विधायकों को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है. फेडरेशन ने अरुण साव और विजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की है.

कमल वर्मा ने कहा कि, फेडरेशन सदैव कर्मचारी हित को सर्वोपरि मानकर मौलिक अधिकार के लिए संघर्षरत रहा है. राज्य के उन्नति और अधोसंरचना के निर्माण में कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई है. फेडरेशन को उम्मीद है कि राज्य के कर्मचारी-अधिकारी के मुद्दों पर आने वाले समय में त्वरित समाधान होगा. कमल वर्मा ने कहा कि, फेडरेशन सीएम साय से मिलकर कर्मचारियों के भावनाओं से अवगत कराएंगे. राज्य का कर्मचारी राज्य के विकास रथ का ध्वज वाहक है. राज्य का सर्वांगीण विकास के लिए कर्मचारी और उनके परिवार का वर्तमान और भविष्य को सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए. उन्होंने आशा व्यक्त किया है कि राज्य के कर्मचारियों के लिए के किए गए घोषणाओं का सफल क्रियान्वयन होगा.फेडरेशन ने कहा है कि राज्य के कर्मचारी-अधिकारी सरकार के नीति-निर्धारण और जमीनी क्रियान्वयन के दिशा में कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे.



# सर्द हवा से ठिठुर रहा पूरा छत्तीसगढ़

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आ रही सर्द हवा से दिन में भी ठिठुरन का दौर जारी है। रायपुर राजधानी के साथ पूरे प्रदेश में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दुर्ग व राजनांदगांव में तो न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम हो गया है । मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार से प्रदेश के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी और तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी की संभावना है, इसके चलते ठिठुरन भी थोड़ी कम होगी। हालांकि 25 दिसंबर के बाद फिर से मौसम का मिजाज बदलेगा और ठंड बढ़ने लगेगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस साल ठंड अधिक पड़ेगी। गुरुवार को रायपुर सहित प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहा और ठिठुरन भी बढ़ी। प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों के न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट रही।

### वरिष्ठों की उपेक्षा सरकार पर पड़ेगी भारी

**रायपुर.** साय कैबिनेट गठन को लेकर कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने कहा, मंत्रिमंडल में वरिष्ठों की उपेक्षा इस सरकार पर भारी पड़ेगी. अनुशासन का सिर्फ डंका पीटते हैं. क्कक्क में सामंजस्य नहीं है, इसका नतीजा आज दिखा. आपसी गुटबाज़ी क्कक्क में हावी थी. इस मंत्रिमंडल में कहीं न कहीं योग्यता की उपेक्षा की गई है. उन्होंने कहा, जिनका परफॉर्मेंस विधानसभा में बहुत अच्छा था, ऐसे लोगों को मंत्री बनाए जाने की अपेक्षा छत्तीसगढ़ की जनता को थी, लेकिन इस तरह के मंत्रिमंडल बना के जनता को निराश किया गया है. दूसरी बात सरकार के गठन के एक हफ्ते बाद तक मंत्रिमंडल का गठन नहीं हो पाया था. इसका बड़ा कारण सामंजस्य का अभाव, गुटबाज़ी है. मुझे नहीं लगता कि यह सरकार अपने कार्यकाल पूर्ण कर पाएगी.



# गर्लफ्रेंड के लिए हत्या की साजिश

**रायपुर के कारोबारी से बात करती थी दिल्ली की युवती, नाराज होकर बॉयफ्रेंड ने भेजा शूटर, तीन आरोपी गिरफ्तार**

**रायपुर**

तेलीबांधा क्षेत्र के लाभांडी में कारोबारी पर पिस्टल से फायर कर जानलेवा हमला करने के मामले में मास्टर माइंड सहित तीन अंतर्राज्यीय आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. यह घटना 20 दिसंबर की है. घटना की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी. हमले से घायल कारोबारी संदीप जैन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है. पुलिस ने घटना का मुआयना करते हुए घायल संदीप जैन सहित आसपास के लोगों से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की. विवेचना प्रारंभ कर मौके से आरोपी अमन शर्मा पिता गोपाल शर्मा उम्र 23 साल निवासी उज्जवलपुर ओड़िशा को गिरफ्तार किया. उसके कब्जे से 01 नग पिस्टल, 01 नग देशी कट्टा एवं कारतूस जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना तेलीबांधा रायपुर में मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया. गिरफ्तार आरोपी अमन शर्मा से पूछताछ करने पर उसने संतोष सिंह एवं सुनील केडिया के कहने से संदीप जैन पर गोली चलाने की बात कही. इस पर दोनों आरोपियों को भी थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ की गई, जिस पर आरोपियों ने घटना में संलिप्तता को स्वीकार किया. पुलिस के मुताबिक, सुनील केडिया की दिल्ली निवासी एक युवती से दोस्ती थी, जिसे सुनील केडिया द्वारा दिल्ली के द्वारिका में एक फ्लैट क्रय कर दिया गया था. इसी दौरान सुनील केडिया को पता चला कि युवती की दोस्ती पहले से रायपुर निवासी संदीप जैन नामक व्यक्ति से है. इसे लेकर सुनील केडिया नाराज रहता था और युवती से उसका आए दिन झगड़ा विवाद होता था.एक बार सुनील केडिया का युवती से बहुत अधिक झगड़ा होने पर उसने युवती को फ्लैट से निकाल दिया एवं फ्लैट को किसी अन्य व्यक्ति के पास बिक्री कर दिया.

युवती सुनील केडिया के मोबाइल नंबर को ब्लॉक कर दिया था, जिससे वह काफी परेशान रहता था एवं अन्य मोबाइल नंबरों से कॉल कर युवती से बात करने का प्रयास करता था. इसी दौरान संदीप जैन से युवती की लगातार बात होती थी. यह बात सुनील केडिया को नागवार गुजरा एवं वह बहुत नाराज था, जिससे क्षुब्ध होकर सुनील केडिया ने संदीप जैन की हत्या करने की साजिश रच डाली. अपनी साजिश में अपने साथ काम करने वाले संतोष सिंह को शामिल करते हुए उसे संदीप जैन की हत्या करने मोटी रकम देने की बात कही.आरोपी सुनील केडिया के बोलने पर संतोष सिंह ने अमन शर्मा निवासी सुंदरगढ़ ओड़िशा को रायपुर निवासी संदीप जैन की हत्या करने कहा, जिस पर आरोपी अमन शर्मा ने घटना को अंजाम दिया था. आरोपी सुनील केडिया एवं संतोष सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है. पुलिस सभी पहलुओं पर विवेचना कर रही है.



# समृद्ध-सशक्त छत्तीसगढ़ बनाने हमारी सरकार कटिबद्ध, दिन-रात काम करेंगे: मुख्यमंत्री

**रायपुर**

समृद्ध-सशक्त छत्तीसगढ़ बनाने हमारी सरकार कटिबद्ध है। इसके लिए हम पूरी निष्ठा से रात-दिन काम करेंगे। छत्तीसगढ़ की जनता ने छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करने का जो दायित्व हमें सौंपा है। उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन के दौरान दिये संबोधन में यह बात मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल महोदय द्वारा दिये गये भाषण के प्रति आभार जताया। साथ ही उन्होंने पक्ष और विपक्ष दोनों ओर के सदस्यों को धन्यवाद भी दिया। इसके साथ ही राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता प्रस्ताव पारित किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि जनता ने ऐतिहासिक जनादेश दिया है। इससे पता चलता है कि छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र की जड़ें बहुत गहरी हैं। जनता ने जो विश्वास हम पर किया है उसे पूरा करने हम कटिबद्ध हैं। हर पात्र परिवार को पक्का मकान देना, शौचालय सुविधा उपलब्ध कराना, उनके लिए स्वास्थ्य की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं आम जनता की सुविधा के हर कार्य के लिए सरकार दिन-रात काम करेगी। छत्तीसगढ़ के अन्नदाता सुखी भवः के ध्येय वाक्य के साथ हम काम करेंगे। अन्नदाता की संतुष्टि का हम पूरा ध्यान रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के छठवीं विधानसभा का प्रथम सत्र कई मायने में महत्वपूर्ण है। विधानसभा में 50 नए विधायक और 19 महिला विधायक चुनकर आई हैं। हम वित्तीय प्रबंधन की बहाली कर वायदे पूरा करने के लक्ष्य का संघान करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सबको आवास देने के सरोकार को हमने प्रथम कैबिनेट में ही पूरा किया है। 18 लाख आवास की घोषणा पहले ही कैबिनेट में की। यदि इस योजना को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनाया गया होता तो आज छत्तीसगढ़ के 18 लाख परिवारों के सर पर छत होती। यह हो नहीं पाया क्योंकि इसमें प्रधानमंत्री का नाम जुड़ा हुआ था, अतएव इस योजना का लाभ लोगों को नहीं दिया गया। जिन लोगों को आवास योजना की पहली किश्त मिल गई थी, उनका भी भरोसा तोड़ने का काम आपने किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता से किये गये सभी वायदों को पूरा करने हम उचित कदम उठाएंगे। प्रदेश की जनता के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता को आज छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा का अवसर जनता ने दिया है। पूरी निष्ठा के साथ इस दायित्व को निभाएंगे। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सुविख्यात कवि स्वर्गीय श्री लक्ष्मण मस्तूरिया के गीत की पंक्तियों 'मोर संग चलव रे' को उद्यत करते हुए प्रदेश के विकास का संकल्प व्यक्त किया। सत्र के समापन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और नेता प्रतिपक्ष ने सत्र का सफल संचालन के लिए सभी के प्रति आभार जताया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्रवाई पूरी होने के बाद विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की। उन्होंने कहा कि विधानसभा का अगला सत्र फरवरी माह के प्रथम सप्ताह आहुत होने की संभावना है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक,संपादक-**ब्रजेश शुक्ला** द्वारा आशीर्वाद, सी-255, रोहिणीपुरम रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं आसमां पब्लिशर्स इंडिया प्रा.लि.जयस्तंभ चौक रायपुर, (छ.ग.) से मुद्रित। फोन-0771-4059450, ईमेल- dainandini@yahoo.in, mail2dainandini@gmail.com